पतञ्जलि के अनुसार, **'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः'**[5], **'तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्'**[6] अर्थात् चित्तवृत्तिनिरोध लक्षणक योग के सिद्ध होने पर द्रष्टा की अपने वास्तविक रूप में स्थिति हो जाती है अर्थात् योगी को मोक्ष की सिद्धि हो जाती है। इस प्रकार योग एवं कला दोनों में ही लक्ष्य की एकाकारता है।

## कला-योग की दार्शनिक पीठिका

कला एक सहज योग है। संस्कृत साहित्य में कलासाधक के लिए साधक, योगिन्, मन्त्रिन् आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता रहा है, जो उसकी योगनिष्ठता का प्रतीक है। आनन्द

1. लोकवत्तु लीलाकैवल्यम्। ब्रह्मसूत्र 2.1.32
2. स्वानन्दास्थापनार्थाय लीला भगवता कृता। वही.
3. चिदात्मैव हि देवो अन्तः स्थितमिच्छावशाद् बहिः।
   योगीव निरुपादानमर्थजातं प्रकाशयेत्।। ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी
4. आगम के आलोक में भारतीय काव्यशास्त्र में उद्धृत। पृ. 25
5. योगसूत्र 1.2
6. वही 1.3

कुमारस्वामी ने कला को योग के तीन रूपों से सम्बद्ध माना है- धारणा (चित्त का देशबन्ध), ध्यान (ध्येय विषयक प्रत्यय की एकतानता) और समाधि (ध्यान की ध्येयाकार स्थिति)। इन तीनों रूपों में प्रथम दिव्य आदर्श, द्वितीय साधनाविधि और तृतीय परम प्रयोजन कला को योग का स्थान प्रदान करते हैं।[1] योग के ये तीनों रूप धारणा-ध्यान-समाधि वाल्मीकि रामायण में भी प्राप्त होते हैं-

**धारणा**- महर्षि वाल्मीकि रामायण की कथा से पूर्व परिचित हैं किन्तु अपने ग्रन्थ की रचना से पूर्व अधिक गम्भीर रूप से उसे मन में धारण करते हैं।[2]

**ध्यान** - वे पूर्वाग्र कुशों के आसन पर बैठ गये और विधिवत आचमन करके हाथ जोड़े हुए स्थिर भाव से स्थित हो योगधर्म (समाधि) के द्वारा श्रीराम आदि के चरित्रों का अनुसंधान करने लगे।[3]

**समाधि**- योग का आश्रय लेकर उन धर्मात्मा महर्षि ने पूर्वकाल में जो-जो घटनाएँ घटित हुई थीं, उन सबको वहाँ हाथ पर रखे आँवले की तरह प्रत्यक्ष देखा।[4]

योगदर्शन की तरह ही कलायोग का भी महत्त्वपूर्ण चरण 'समाधि' है। कलाकार अनुरूप विषयवस्तु की कल्पना करके तदनुरूप सर्जनात्मक अनुभूति में डूब जाता है एवं इस रूप में साधारणीकृत संवित उसमें व्यक्त हो जाती है जिसे वह कला के रूप में परिणत करता है। इसके लिए वह समाधिस्थ होता है। यहाँ कलाकार की अवस्था सम्प्रज्ञात समाधिस्थ योगी की अवस्था है जिसमें चित्त ध्येय विषय में लीन होकर ध्येय विषयाकार हो जाता है । इस अवस्था में चित्त निर्वात दीपशिखा के समान एक ही भाव में प्रवाहित होते हुए रजोगुणजन्य मल का परित्याग करके सत्त्व से आप्लावित होता है और उसमें प्रज्ञा का उदय होता है।

---

1. The Dance Of Shiva. P 25-30
2. रामलक्ष्मणसीताभी राज्ञा दशरथेन च।
   सभार्येण सराष्ट्रेण यत् प्राप्तं तत्र तत्त्वतः।।
   हसितं भासितं चैव गतिर्यावच्चेष्टितम्।
   तत् सर्वं धर्मवीर्येण यथावत् संप्रपश्यति।।
   स्त्रीतृतीयेन च तथा यत् प्राप्तं चरता वने।
   सत्यसंधोन रामेण तत् सर्वं चान्ववैक्षत।। वाल्मीकि रामायण, 3.3-5
3. उपस्पृश्योदकं सम्यङ्मुनिः स्थित्वा कृताञ्जलिः।
   प्राचीनाग्रेषु दर्भेषु धार्मेणान्वेषते गतिम्।। वही 1.3.2
4. ततः पश्यति धार्मात्मा तत् सर्वं योगमास्थितः।
   पुरा यत् तत्र निर्वृत्तं पाणावमलकं यथा।। वही 1.3.6

प्रतिभा के दो भेदों- आर्ष एवं अनार्ष में से आर्ष प्रतिभा की उत्पत्ति समाधि में ही होती है।[1] इसी समाधि अवस्था में कलाकार के मन में अभिधेय के अनेक प्रकार के नवीन विस्फुरण होते हैं। इसीलिए काव्यहेतुओं के अन्तर्गत समाधि का उल्लेख किया गया है- **'मनसि सदा सुसमाधिनि विस्फुरणमनेकधाभिधेयस्य।'**[2] योगसूत्र के अनुसार इसी समाधिजन्य प्रातिभज्ञान से भूत, भविष्य, वर्तमान सब कुछ जान लिया जाता है।[3]

## कला एवं योग : अनुभूति और सृजन

कला के द्वारा ध्यान में सहजता से प्रवृत्त हुआ जा सकता है। ध्यानयोग में प्रतिमारूपी साधन के महत्त्व का वर्णन करते हुए शुक्रनीतिकार कहते हैं- ध्यानयोग की सम्यक् सिद्धि के लिये प्रतिमारूपी साधन का निर्देश किया गया है। प्रतिमा बनाने वाला मनुष्य जैसे ध्यान में लीन हो जाता है वैसे अन्य मार्ग से या देवता के प्रत्यक्ष दर्शन से भी ध्यान में लीन नहीं हो सकता-

**ध्यानयोगस्य संसिद्ध्यै प्रतिमालक्षणं स्मृतम्।**
**प्रतिमाकारको मर्त्यो यथा ध्यानरतो भवेत्।।**[4]

ब्रह्मसूत्रभाष्य में आचार्य शङ्कर भी ध्यानयोग की सम्यक् सिद्धि के लिए इषुकार (बाण बनाने वाला) जैसी एकाग्रता का दृष्टान्त देते हैं- इषु के अग्रभाग का निर्माण करते समय आसक्त मन वाला होने से इषुकार अन्य विषयों को नहीं देखता है एवं उस समय उसकी सम्पूर्ण चेतना इषु की नोंक पर ही टिकी रहती है। ऐसी ही एकाग्रता साधक के लिए आवश्यक है।[5] अष्टांग योग में परिगणित आसन एवं प्राणायाम का व्यावहारिक प्रयोग कलात्मक ही है। कला-सृजन व कला आस्वादन से तन्मयीभवन की योग्यता आती है, वेद्यान्तरसंस्पर्श शून्य हो जाते हैं, मानव के चित्त का संस्कार होता है। चित्तसंस्कार होने पर ही चित्तवृत्ति निरोध संभव हो सकता है और यही योग की अवस्था है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. अभिनवगुप्त, ध्वन्यालोकलोचन, व्या. जगन्नाथ पाठक, चौखम्बा सुरभारती, वाराणसी, 1998
2. अभिनवगुप्त, तंत्रसार, व्या. परमहंस मिश्र, चौखम्बा, वाराणसी, 1999

---

1. ततः प्रातिभश्रवणवेदनाऽऽदर्शाऽऽस्वादवार्ता जायन्ते। योगसूत्र, 3.36
2. काव्यालंकार, 1.15
3. प्रतिभाद्वा सर्वम्। योगसूत्र, 3.33
4. शुक्रनीतिसार 4.4.71
5. यथेषुकारो जाग्रदपीष्वासक्तमनस्तया नान्यान्विषयानीक्षत। ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य, 3.2.10 की व्याख्या

3. अज्ञेय, भारतीय कलादृष्टि, सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली, 2001
4. आचार्य भामह, काव्यालंकार, भाष्यकार देवेन्द्रनाथ शर्मा, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, 1985
5. ईशादि नौ उपनिषद्, शांकरभाष्यार्थ, गीता प्रेस गोरखपुर, 2000
6. कान्तिचन्द्र पाण्डेय, स्वतन्त्र कलाशास्त्र, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1967
7. चतु:सूत्री ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्यम्, व्याख्याकार परमानन्द भारती, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2014
8. डॉ. सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, व्यासभाष्यसंवलितं पातञ्जलयोगदर्शनम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 1988
9. शुक्राचार्य, शुक्रनीति, व्या. जगदीश्वरानन्द, राम लाल कपूर ट्रस्ट, हरियाणा, 2002
10. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण, गीताप्रेस गोरखपुर, 1986
11. विश्वेश्वर सिद्धान्तशिरोमणि, हिन्दी नाट्यदर्पण, दिल्ली, 1998
12. राममूर्ति त्रिपाठी, आगम के आलोक में भारतीय काव्यशास्त्र, पुणे, 2002
13. Anand Coomarswamy, The Dance of Shiva, Munshram Manoharlal, 1971
14. K.C. Pandey, Comparative Aesthetics, Chaukhamba Sanskrit Series Office, Varanasi, 2008.

ISSN - 0974-8946
जनवरी-मार्च 2018

शोधप्रभा
वर्षः 43, द्वितीयाङ्कः

# अलङ्कारों में श्लेषत्वविमर्श

डॉ. मीरा द्विवेदी*

संस्कृतकाव्यशास्त्र में अलंकारसम्प्रदाय की स्थापना का श्रेय आचार्य भामह को प्राप्त है। भामह के काव्यालंकार से पूर्व भी अलंकारों के व्यवस्थित चिन्तन की परम्परा का बोध होता है लेकिन उनसे सम्बन्धित ग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं हैं। यास्कीय निरुक्त और पाणिनीय अष्टाध्यायी में उपमा के सम्बन्ध में शास्त्रीय चिन्तन मिलता है। नाट्यशास्त्रकार भरतमुनि ने उपमा, रूपक, दीपक और यमक के अलंकारत्व की चर्चा की है।[1] इस परम्परा का अन्वेषण इंगित करता है कि अलंकारों के स्वरूप एवं भेदों के आविर्भाव का एक विकासात्मक क्रम है। श्लेष विषयक चिन्तन में भी विकासात्मक गति दिखाई देती है। शास्त्रीय अर्थ में यह शब्द भरतमुनि से पहले नहीं दिखाई देता है। वे काव्यालंकारों में नहीं अपितु काव्यगुणों और नाट्यभूषणों (अक्षरसंघात) में श्लेष की चर्चा करते हैं जो भामह आदि के श्लेष अलंकार से पृथक् है। ध्वनि के आविर्भाव के पूर्व और पश्चात् श्लेष के स्वरूप विवेचन में स्पष्टतः परिवर्तन दिखाई देता है। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में श्लेष को काव्यगुणों[2] और नाट्यालंकारों में स्थान दिया है।[3] काव्यशास्त्र में श्लेष की स्थिति मुख्यतः तीन रूपों में देखी जाती है-

- स्वतन्त्र शब्दालंकार और अर्थालंकार के रूप में।
- शब्दशक्त्युत्थध्वनि के आधार के रूप में।
- उपमादि अलंकारों के मूल के रूप में।

**स्वतन्त्र शब्दालंकार और अर्थालंकार के रूप में** - स्वतन्त्र अलंकार के रूप में श्लेष का चिन्तन शब्दश्लेष (शब्दपरिवृत्तिसहत्व) और अर्थश्लेष (शब्दपरिवृत्तिसहत्व) के रूप में हुआ है। शब्दश्लेष शब्दपरिवृत्ति असहत्व अवस्था के आधार पर वर्ण, पद, प्रत्यय, लिंग, प्रकृति, वचन, विभक्ति और भाषा-भेद से सभंग रूप होता है। उद्भट और रुद्रट के अनुसार सभंग श्लेष

---

* सहायकाचार्य, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-7

1. उपमा रूपकं चैव दीपकं यमकं तथा।
   अलंकारास्तु विज्ञेयाश्चत्वारो नाटकाश्रयाः।। नाट्यशास्त्र, 16/40
2. नाट्यशास्त्र, 16/98
3. नाट्यशास्त्र, 16/6

शब्दाश्रित और अभंग श्लेष अर्थाश्रित है। आचार्य मम्मट ने अभंग श्लेष के रूप में शब्द श्लेष का एक नवाँ भेद भी स्वीकार किया है।[1] इसके अतिरिक्त शब्दपरिवृत्तिसह्य द्व्यर्थी शब्दयोजना में अर्थ श्लेष की स्थिति स्वीकार की है। मम्मट के अनुसार शब्दपर्यायपरिवृत्ति में असहत्व और सहत्व क्रमशः शब्द और अर्थ श्लेष के निर्धारण के नियामक हैं। अलंकार-सर्वस्व के अनुसार उदात्तादि स्वर, आभ्यन्तारादि प्रयत्न तथा उच्चारण-स्थान में भेद होने पर शब्दश्लेष और इनके भेद न होने की स्थिति में अर्थश्लेष होता है। शब्दश्लेष जतुकाष्ठन्याय से उसी प्रकार दो शब्दों के भेद होने से होता है जैसे लाख लकड़ी से भिन्न होती हुई भी उसपर चिपकी रहती है। इसी तरह लाख और लकड़ी की तरह दो शब्द परस्पर चिपके हुये होने से पृथक् भासित नहीं होते। अर्थश्लेष एक ऐसे वृन्त के समान है, जिसमें दो फल लगे हों।[2]

**शब्दशक्त्युत्थध्वनि के आधार के रूप में श्लेष**- इसमें अनेकार्थक शब्द योजना शब्दपरिवृत्यसहत्व के आधार पर श्लेषालंकार के समान ही होती है, किन्तु श्लेष अलंकार से शब्दशक्त्युत्थध्वनि का मूल भेद यह है कि श्लेष में एक शब्द से प्राप्त दोनों अर्थ प्राकरणिक और वाच्य होते हैं जबकि शब्दशक्त्युत्थध्वनि में एक अर्थ प्राकरणिक होता है और दूसरा अर्थ अप्राकरणिक। अभिधा व्यापार से प्राकरणिक अर्थ के वाच्य रूप में नियन्त्रित होने के बाद दूसरा अप्राकरणिक अर्थ व्यंजना से प्राप्त व्यंग्य रूप होता है।

उपमादि अलंकारों के मूल के रूप में श्लेष-अलंकारों के मूल के रूप में श्लेष की उपस्थिति निम्नलिखित दो रूपों में मानी गई है।

1. अन्य अलंकारों के प्रतिभासक रूप में श्लेष की सत्ता।
2. अन्य अलंकारों से प्रतिभास को प्राप्त श्लेष की सत्ता।

कतिपय काव्यशास्त्री मानते हैं कि अन्य अलंकारों के साथ श्लेष के होने पर श्लेष उन सबका बाधक बनकर प्रधानता प्राप्त करता है और अन्य अलंकार आभास मात्र से उपस्थित होते हैं। कतिपय आचार्यों का मानना है कि अन्य अलंकार श्लेष के बाधक बनते हैं और श्लेष प्रतिभास मात्र होता है। इस प्रकार श्लेष की प्रधानता-अप्रधानता, विविक्तता और अविविक्तता के सम्बन्ध में विमत दिखाई देता है।

प्रस्तुत शोधपत्र में विविध आचार्यों के मतों का विश्लेषण करते हुये अलंकारों के मूल के रूप में श्लेष की वास्तविक स्थिति का अनुसन्धान किया गया है। इसके लिये सर्वप्रथम आचार्यों के मतों का श्लेष विषयक क्रमिक विकास द्रष्टव्य है-

---

1. काव्यप्रकाश, 9/120सूत्र
2. तत्रोदात्तादिस्वरभेदात् प्रयत्नभेदाच्च शब्दश्लेषः। यत्र प्रायेण पदभंगो भवति। अर्थश्लेषस्तु यत्र स्वरादिभेदो नास्ति अत एव न तत्र सभंगपदत्वम्, अतश्च पूर्वत्रैकवृन्तगतफलद्वयन्यायेनार्थद्वयस्य शब्दश्लिष्टत्वम्, अलंकारसर्वस्व पृ.123, 24

## भामह का श्लेष विवेचन

इस अलंकार में उपमान और उपमेय के गुण, क्रिया अथवा नाम रूप समान धर्मों में द्व्यर्थकता के आधार पर समानता रहती है। यह समानता अलग-अलग न होकर युगपत् होती है-

**उपमानेन यत्तत्त्वमुपमेयस्य साध्यते।**
**गुणक्रियाभ्यां नाम्ना च श्लिष्टं तदभिधीयते।।**[1]
**इष्टः प्रयोगो युगपदुपमानोपमेययोः।।**[2]

भामह की परिभाषा में स्पष्टतः श्लेषालंकार में उपमान और उपमेय का युगपद् प्रयोग अभीष्ट माना गया है। भामह ने श्लेष के तीन रूप गिनाये हैं। सहोक्ति द्वारा निर्दिष्ट, उपमा द्वारा निर्दिष्ट तथा हेतु द्वारा निर्दिष्ट।[3] यद्यपि भामह ने भेदों का परिगणन नहीं किया है, तथापि तीन रूपों और तीन आधारों की चर्चा अवश्य की है। श्लेष के तीन रूप हैं- गुण, क्रिया और नाम। इसके तीन आधार हैं- सहोक्ति, उपमा और हेतु।[4] भामह के उक्त तीन रूप जहाँ श्लेष के भेद-चिन्तन के बीज हैं, वहीं तीनों आधार श्लेष के अलंकारान्तर से विविक्त-अविविक्त क्षेत्र की चर्चा का उद्गम माने जा सकते हैं।

## दण्डी का श्लेष विवेचन-

**श्लिष्टमिष्टमनेकार्थमेकरूपान्वितं वचः।**

अर्थात् एकरूप वाले अनेकार्थक वचन को श्लेष कहते हैं। दण्डी ने श्लेष के अनेक भेद गिनाये हैं। इसके मुख्यतः दो भेद हैं- अभिन्न पद और भिन्नपदप्राय[5]। ये ही क्रमशः अभंग और सभंग कहलाते हैं। इनके अतिरिक्त श्लेष अभिन्नक्रियश्लेष, विरुद्धक्रियश्लेष, सनियमश्लेष, नियमाक्षेपरूपकोक्तिश्लेष, अविरोधी श्लेष, विरोधी श्लेष आदि प्रकारों से भी प्रकट किया जा सकता है।[6] रंगाचार्य रेड्डी ने दण्डी के इन श्लेषों में परवर्ती काव्यशास्त्र में विकसित अनेक श्लेषमूलक अलंकारों का बीज माना है। जैसे-अभिन्नक्रियश्लेष व नियमनिषेधवान् श्लेष को दीपक का, अविरुद्ध क्रियश्लेष व विरुद्धक्रिय को तुल्ययोगिता का, नियमवान् श्लेष को परिसंख्या का रूप माना है। दण्डी ने श्लेषोपमा नामक उपमा का एक पृथक् भेद भी स्वीकार किया है। साधारण धर्म के लिये श्लिष्ट शब्दों का प्रयोग होने पर श्लेषोपमा होती है।

---

1. भामह, 3/14
2. भामह, 3/15
3. काव्यालंकार, भामह, 3/17
4. काव्यालंकार, भामह, 3/15-20
5. काव्यादर्श, दण्डी, 2/310
6. काव्यादर्श, दण्डी, 3/314-15

**शिशिरांशुप्रतिद्वन्द्वि श्रीमत् सुरभिगन्धि ।**
**अम्भोजमिव ते वक्त्रमिति शेषोपमा मता॥[1]**

यहाँ शिशिरांशुप्रतिद्वन्द्वि और श्रीमत् शब्द समान धर्म होने के साथ-साथ अर्थश्लेष से भी युक्त हैं। दण्डी के अनुसार श्लेष अन्य अलंकारों से संकीर्ण भी रहता है।

**उपमारूपकाक्षेपव्यतिरेकादिगोचराः।**
**प्रागेव दर्शिताः श्लेषा दर्श्यन्ते केचनापरे॥[2]**

इसके अतिरिक्त शिलष्टरूपक, शिलष्टार्थ दीपक, शिलष्टाक्षेप, श्लेषाविद्ध अर्थान्तरन्यास, श्लेषव्यतिरेक, श्लेशाबिद्ध व्याजस्तुति आदि अलंकारों को श्लेष से अनुविद्ध माना है। इनमें श्लेष की प्रधानता न होने से उन्हें अलंकार विशेष के अन्तर्गत व्याख्यायित किया है। अन्य अलंकारों में अंगतया प्रयुक्त श्लेष उन अलंकारों को पुष्टि प्रदान करता है।

**उद्भट का श्लेष विवेचन-**

उद्भट ने छः वर्गों में 41 अलंकारों की चर्चा की है। इनके द्वारा बताये गये अनेक अलंकार श्लेषमूलक हैं। उद्भट ने भामह और दण्डी के श्लेष लक्षणों के मन्तव्यों को मिलाते हुये श्लेष को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। एक ही प्रयत्न के द्वारा उच्चार्य तथा स्वरित आदि गुणों के द्वारा भिन्न होने पर भी उनके सादृश्य को धारण करते हुये जो बन्ध निर्मित किये जाते हैं, वहाँ शिलष्ट अलंकार माना जाता है। यह दो प्रकार के पदों द्वारा किसी अन्य अलंकार की झलक उत्पन्न करता हुआ अर्थ तथा शब्द की उक्ति से विशिष्ट प्रतीत होता है। जो एक प्रयत्न की दृष्टि से एक रूप पदों से प्रणीत है, वह अर्थ श्लेष और जो उच्चारणप्रयत्न की दृष्टि से एकरूप न होते हुये भी एकरूपता का आभास दे, ऐसे पदों से प्रणीत बन्ध शब्द श्लेष कहलाता है -

**एकप्रयत्नोच्चार्याणां तच्छायां चैव बिभ्रताम्।**
**स्वरितादिगुणैर्भिन्नैः बन्धः शिलष्टमिहोच्यते॥**

**अलंकारगतां प्रतिभां जनयत्पदैः।**
**द्विविधैरर्थशब्दोक्तिविशिष्टं तत्प्रतीयताम्॥[3]**

उद्भट ने श्लेष की सत्ता में अलंकारान्तर की प्रतिभा स्वीकार की है। ऐसी स्थिति में श्लेष प्रधान और अन्य अलंकार अप्रधान माने जायेंगे। इनसे पूर्व भामह ने उपमान और उपमेय की सत्ता का कथन करके श्लेष में उपमा, हेतु और सहोक्ति की उपस्थिति का कथन किया था। उद्भट ने

---

1. काव्यादर्श-2/29
2. काव्यादर्श, 2/311
3. काव्यालंकारसारसंग्रह, 4/23,24

जो उदाहरण प्रस्तुत किये हैं उनमें श्लेष उपमा, रूपक और विरोध का प्रतिभासक है। उपमा अलंकार की प्रतिभा के उदाहरण के रूप में उद्भट श्लेष अलंकार का निम्नलिखित पद्य प्रस्तुत करते हैं-

**स्वयं च पल्लवाताम्रभास्वत्करविराजिता।**
**प्रभातसन्ध्येवास्वाफललुब्धेहितप्रदा ॥[1]**

प्रस्तुत पद्य में प्रभातकालीन सन्ध्या के सादृश्य से पार्वती के महत्त्व का प्रकाशन किया गया है। पल्लवाताम्र, भास्वत्करविराजिता, आस्वाफललुब्धेहितप्रदा पद समानधर्म हैं, जो श्लिष्ट हैं।

**पल्लवाताम्र**-पल्लवों के समान लाल,
**भास्वत्करविराजिता**-पार्वतीपक्ष-चमकते हुये हाथों से सुशोभित,
**सन्ध्यापक्ष**-सूर्य की किरणों से शोभायमान,
**अस्वाफललुब्धेहितप्रदा**-पार्वतीपक्ष-दुर्लभ स्वर्गादि फल के इच्छुक को अभीष्ट प्रदान करने वाली,

**सन्ध्यापक्ष**-निद्रा के अभाव का फल जो स्नान सन्ध्या, वन्दनादि उसके इच्छुकों के लिये हित प्रदान करने वाली। यहाँ पार्वती उपमेय, प्रभातसन्ध्या उपमान एवं इव वाचक शब्द है। इस प्रकार उक्त पद्य में श्लेष उपमा के साथ विद्यमान है। काव्यालंकारसारसंग्रह के टीकाकार प्रतिहारेन्दुराज और अलंकारसर्वस्वकार रुय्यक आदि ने भी यहाँ श्लेष की सत्ता प्रधान और उपमा की सत्ता अभासमात्र मानी है।

**रुद्रट का श्लेष विवेचन-**

अलंकारों के वैज्ञानिक वर्गीकरण की आधारशिला रखते हुये रुद्रट ने 68 अर्थालंकारों को वास्तव (23), औपम्य (21), अतिशय (12) और श्लेष (10) वर्गों में व्यवस्थित किया है। अवशिष्ट दो अलंकारों को संकर के अन्तर्गत रखा है। श्लेष वर्ग में श्लेषमूलक अलंकारों को स्थान दिया है। इसके अन्तर्गत अविशेष, विरोध, अधिक, वक्र, व्याज, उक्ति, असम्भव, अवयव, तत्त्व तथा विरोधाभास ये दस भेद गिनाये हैं।[2] इन अलंकारों के मूल में रुद्रट ने श्लेष की सत्ता स्वीकार की है। इनमें सादृश्य, विरोध आदि का प्रतिभान होते हुये भी शुद्ध श्लेष है। रुद्रट श्लेष में अलंकारान्तर का प्रतिभान अवश्य मानते हैं। शब्दश्लेष की परिभाषा में भी कहा है कि उपमा और समुच्चय में श्लेष की संकीर्णता से विशेष रम्यता आती है।

श्लेष को परिभाषित करते हुये रुद्रट लिखते हैं-

---

1. काव्यालंकारसारसंग्रह, 4/25
2. काव्यालंकार, रुद्रट, 10/2

**वक्तुं समर्थमर्थ सुश्लिष्टाक्लिष्टविविधपदसन्धि।**
**युगपदनेकवाक्यं यत्र विधीयते स श्लेषः॥[1]**

अर्थात् जहाँ श्लिष्ट और अक्लिष्ट अर्थात् उचित प्रकार से जुड़े हुये और कष्टकल्पना से रहित विभिन्न पदों की सन्धि से युक्त अनेक वाक्यों की युगपद् (एकसाथ व एक काल में) रचना हो और जो अनेक अर्थ बताने में समर्थ हो, वहाँ श्लेष अलंकार माना जाता है। यह अलंकार मूलतः वर्ण, पद, भाषा, लिंग, प्रकृति, प्रत्यय, वचन और विभक्ति भेद से आठ प्रकार का होता है। रुद्रट ने उपमा और समुच्चय में श्लेष की हृद्यता का कथन किया है और इसे श्लेष का स्पर्श अथवा संकर कहा है। उन्होनें भामह की सहोक्ति के स्थान पर समुच्चय का विधान किया है।

**भाषाश्लेषविहीनः स्पृशति प्रायोऽन्यमप्यलंकारम्।**
**धत्ते वैचित्र्यमयं सुतरामुपमासमुच्चययोः॥[2]**

अर्थात् भाषाश्लेष को छोड़कर वर्ण, पद, लिंग, प्रकृति, प्रत्यय आदि प्रकार प्रायोवृत्या अन्य अलंकारों से संकरित रहते हैं। उपमा और समुच्चय के साथ तो इसका संकर बहुत ही रमणीय होता है। रुद्रट की परिभाषा में स्पष्टतः उपमा और समुच्चय के प्रसंग में श्लेष की संकीर्णता का कथन किया गया है। अर्थात् उपमा या समुच्चय के होने पर भी यदि उनके साथ श्लेष की संकरता होती है तो श्लेष ही प्रधान होता है क्योंकि उनका समग्र सौन्दर्य श्लेष के अधीन होता है। यथा-

**समुच्चय-श्लेष-**

**छायावन्तो गतव्यालाः स्वारोहाः फलदायिनः।**
**मार्गद्रुमाः महान्तश्च परेषामेव भूतयेम॥**

छाया युक्त (छाँह, कान्ति), व्यालरहित (सर्प, दुष्ट), स्वारोह (आसानी से चढ़ने योग्य, सरलतया प्राप्य, (फलदायी) फल देने वाले, उपकारी) मार्ग के वृक्ष और महान् लोग दूसरों के कल्याण के लिये हैं। इस उदाहरण में श्लेष समुच्चय-अलंकार की रम्यता का आधार है।

**उपमा-श्लेष-**

**यदनेकपयोधिभुजस्तवैव सदृशोऽस्यहीनसुरतरसः।**
**ननु बलिजितः कथं ते सदृशस्तदसौ सुराधिकृतः॥[3]**

अर्थात् हाथियों से युद्ध करने में समर्थ भुजाओं वाले, तथा सुरत के आनन्द का पूर्ण उपभोग करने वाले तुम अपने सदृश आप ही हो क्योंकि तुम चारों समुद्रों की रक्षा करने वाले हो

1. रुद्रट, काव्यालंकार, 4/1
2. रुद्रट, काव्यालंकार, 4/31
3. रुद्रट, 4/32

तथा नागराज वासुकि और देवताओं के समान शक्तिमान् हो। तुम इन्द्र के सदृश न होकर अपनी उपमा स्वयं हो क्योंकि तुम बलवानों को भी जीतने वाले हो तथा देवों की मानसिक चिन्ताओं का अपहरण करने वाले हो, जबकि इन्द्र बलि से पराजित है और देवताओं ने उसे अपना राजा माना हुआ है।

**यदनेकपयोधिभुजः-**

1- अनेकपानां-द्विपानां हस्तीनां, योद्धा भुजः बाहुः यस्य सः।

2- अनेकान् पयोधीन् भुनक्ति-रक्षति यः तस्य अनेकपयोधिभुजः ।

**अहीनसुरतरसः-**

1-अहीनः-पूर्णः सुरतरसः यस्य सः।

2- अहीनां नागानां इनः-स्वामी, सराः देवाः तेषामिव तरः-बलं यस्य सः।

**बलिजितः-**

1-बलिनः - समर्थान् जयतीति बलिजित् तस्य।

2-बलिना - बलिनाम्ना दानवेन, जितः -पराभूतः ।

**सुराधिकृतः-**

1-सुराणामाधीन्-मानसिकपीडाः कृन्ततीति सुराधिकृत् तस्य

2- सुरैः-देवैः, अधिकृतः- नियोजितः

यहाँ उपमा अलंकार है किन्तु उसका समग्र चमत्कार श्लेष पर आधारित है इसलिये यहाँ श्लेष अलंकार ही अंगीकृत करना चाहिये! उनमें से कोई एक अथवा दोनों अलंकार नहीं। क्योंकि श्लेष का चमत्कार उपमा, व्यतिरेक, रूपक आदि के चमत्कार को आच्छादित कर लेता है।

रुद्रटीय काव्यालंकार के टीकाकार नमि साधुस्पष्ट करते हैं-

**पूर्वोक्तश्लेषो भाषाश्लेषरहितः प्रायो बाहुल्येनान्यमप्यलंकारमर्थविषयं व्यतिरेकादिकं स्पृशति। श्लेषस्योपमादिभिः सह संकरो भवत्यर्थः। .......तत्रापि सुतरामतिशयेन वैचित्र्यं रम्यत्वमयं श्लेष उपमासमुच्चयोर्धत्ते।। ..... उपमासाहचर्यात्समुच्चयोऽप्यत्रौपम्यभेदो गृह्यते।**[1]

उपमा, समुच्चय के समान रूपक, तुल्ययोगिता, सहोक्ति, विरोधाभास आदि अलंकारों के प्रसंग में भी श्लेष की सत्ता देखने को मिलती है। जैसे- ''सन्निहितबालान्धकाराऽपि भास्वान्मूर्तिः।'' इस कथन में विरोध है कि बाल (अप्रौढ या नवीन) अन्धकार जिसके समीप है वह भास्वान् (सूर्य) रूप कैसे है? इसका परिहार यह है कि यह बालान्धकार (काले केश) से युक्त

1. काव्यालंकार (रुद्रट) 4/31 पर नमिसाधु, पृ.109

भास्वान्मूर्ति (दीप्त/गौरवर्ण की) है। इस प्रकार यहाँ विरोध की प्रतीति से विरोधाभास के साथ द्व्यर्थी शब्द योजना से श्लेष भी विद्यमान है।

**ध्वनि पूर्व श्लेष-चिन्तन का सार अधोलिखित है-**

1. श्लेष में अनेकार्थक शब्द योजना होती है।
2. श्लेष के साथ अलंकारान्तर की योजना अवश्य होती है। विशेष रूप से उपमा, सहोक्ति/समुच्चय में इसके प्रयोग से रम्यता आती है।
3. श्लेष के साथ अलंकारान्तर की योजना में श्लेष का चमत्कार अन्य अलंकारों के चमत्कार का बाधक बनता है। जबकि दण्डी ने माना कि अन्य अलंकारों में अंगतया प्रयुक्त श्लेष उन अलंकारों को पुष्टि प्रदान करता है।
4. श्लेष शब्दालंकार और अर्थालंकार भेद से उभयविध होता है।
5. शब्दालंकार के रूप में श्लेष वर्ण, पद, लिंग, भाषा आदि भेद से आठ प्रकार का होता है।
6. अर्थालंकार के रूप में अविशेष, विरोध, अधिक, वक्र, व्याज, उक्ति, आदि अर्थालंकारों का आधार बनता है।
7. श्लेष अलंकारान्तर के बिना नहीं हो सकता जबकि अन्य अलंकार श्लेष के बिना भी हो सकते हैं।

ध्वनि सिद्धान्त के आविर्भाव के साथ श्लेष के चिन्तन में परिवर्तन आया। पूर्वपक्ष के रूप में आनन्दवर्धन ने उद्‌भट के मत को प्रस्तुत किया कि अलंकारान्तर की प्रतिभा में भी श्लेष का व्यपदेश होता है। (**नन्वलंकारप्रतिभायामपि श्लेषव्यपदेशो भवतीति दर्शितं भट्टोद्‌भटेन**) ऐसी स्थिति में शब्दशक्तिमूल ध्वनि का स्थान ही नहीं है। पूर्वपक्ष की शंका को उठाकर सर्वप्रथम आनन्दवर्धन ने श्लेष के स्थान की चर्चा की है। शब्दशक्त्युद्‌भव ध्वनि के प्रसंग में आनन्दवर्धन लिखते हैं कि जहाँ शब्द से साक्षात् असंकेतित अलंकार शब्दशक्ति (शाब्दी व्यंजना) के द्वारा आक्षेप की सामर्थ्य से प्राप्त होता है उसे शब्दशकत्युद्‌भव ध्वनि कहते हैं।

**आक्षिप्त एवालंकारः शब्दशक्त्या प्रकाशते।**

**यस्मिन्ननुक्तः शब्देन शब्दशक्त्युद्‌भवो हि स॥**[2]

यथा- **'अत्रान्तरे कुसुमसमययुगमुपसंहरन्नजृम्भत ग्रीष्माभिधानः फुल्लमल्लिकाधवलाट्टहासो महाकालः।'**

यहाँ अभिधाशक्ति से ग्रीष्म ऋतु परक अर्थ मिलने के बाद महाकालादि श्लिष्ट पदों में शिवपरक अर्थ की प्रतीति शाब्दीव्यंजना से होती है। शिवपरक अर्थ आक्षेप से प्रतीत होने के कारण यह शब्दशक्त्युद्‌भव ध्वनि का क्षेत्र है, श्लेष का नहीं। दोनों अर्थों में उपमानोपमेयभाव व्यंग्य है। जहाँ दो वस्तुयें शब्दशक्ति से प्रकाशित होती हैं वहाँ श्लेष होता है।[1] जैसे-

1. ध्वन्यालोक, 2/21  2. वस्तुद्वये च शब्दशक्त्या प्रकाशमाने श्लेषः। ध्वन्या. 2/21 की वृत्तिः।

**येन ध्वस्तमनोभवेन बलिजित्कायः पुरास्त्रीकृतो**
**यश्चोद्वृत्तभुजंगहारवलयो गंगां च योऽधारयत्।**
**यस्याहुः शशिमच्छिरो हर इति स्तुत्यं च नामामराः**
**पायात् स स्वयमन्धकक्षयकरस्त्वां सर्वदोमाधवः॥**

इस पद्य में विष्णु (सर्वदः माधवः) और शिव (सर्वदा उमाधवः) परक दोनों ही अर्थ कवि को अभीष्ट हैं। ये दोनों ही प्राकरणिक होने से वाच्यार्थ हैं। आनन्दवर्धन, मम्मट और विश्वनाथ के मत में भी यहाँ श्लेष की ही सत्ता है। एक अन्य उदाहरण द्रष्टव्य है-

**समवाय इव विरोधिनां पदार्थानाम्। तथाहि-सन्निहितबालान्धकारापि भास्वन्मूर्तिः।**

अर्थात् यह विरोधी पदार्थों के समवाय की भाँति है। जैसे कि बाल (नवीन) अन्धकार रूप भी सूर्य की मूर्ति है। यहाँ स्पष्टतः विरोध है। परिहार की अवस्था में अर्थ है- अन्धकाररूप (काले) बालों से युक्त यह दीप्त रूपवाली है। यहाँ विरोधाभास वाच्य है और श्लेष अलंकार उसकी छाया का अनुग्राहक है। विरोध को आभास रूप सिद्ध करना ही श्लेष का उद्देश्य है। आनन्दवर्धन के अनुसार श्लेष की दो रूपों में स्थिति हो सकती है। अन्य विरोधाभास आदि अलंकारों के अनुग्राहक रूप में और शब्दशक्त्युत्थ ध्वनि के रूप में।

आनन्दवर्धन के बाद श्लेष की अन्य अलंकारों के साथ स्थिति पर विवाद प्रारम्भ हुआ। विशेष रूप से रुद्रट के टीकाकार नमिसाधु और उद्भट के टीकाकार प्रतिहारेन्दुराज ने आनन्दवर्धन के मत को नहीं माना। ये दोनों अलंकारवादी थे और ध्वनि की सत्ता स्वीकार नहीं करते थे। उनकी चर्चा से मुख्यतः निम्नलिखित प्रश्न उभर कर सामने आते हैं-

1. क्या श्लेष के प्रसंग में अन्य अलंकारों की सत्ता अनिवार्य है या श्लेष स्वतन्त्र रूप में भी रह सकता है?

2. जहाँ साधारण धर्म के रूप में गुण और क्रिया का साम्य होता ही नहीं है, क्या वहाँ शब्दमात्र साम्य में उपमा अलंकार माना जा सकता है?

उद्भट के टीकाकार प्रतिहारेन्दुराज ने अलंकारान्तर के साथ श्लेष की स्थिति में श्लेष का ही प्राधान्य माना है क्योंकि श्लेष के साथ उपमादि का संकर अवश्य होता है। उद्भट के श्लेष के उदाहरण पल्लवाताम्रभास्वत्......(4/25) पर प्रतिहारेन्दुराज लघुवृत्ति में स्पष्ट करते हैं - **'एतयोश्च द्वयोरप्यर्थश्लेषशब्दश्लेषयोरुपमाप्रतिभोत्पत्तिहेतुत्त्वम्। प्रभातसंध्या ह्यत्रोपमानं भगवती उपमेया इव शब्दश्चोपमानोपमेयभावं द्योतयति। शब्दव्यतिरेकेण तु साधारणो धर्मोऽर्थाधिकरणोऽत्र न विद्यते। तेन नेयमुपमा अपितु श्लेष उपमाप्रतिभोत्पत्तिहेतुः।'**[1]

अर्थात् **पल्लवाताम्रभास्वत्**.....(4/25) उदाहरण में देवी-भगवती उपमेय और प्रभात-सन्ध्या उपमान, इव वाचकशब्द और पल्लवाताम्रभास्वत् आदि समान धर्म हैं। इस तरह यहाँ पूर्णोपमा होते हुये भी श्लेष की सत्ता प्रधानतः है। श्लेष के साथ सदैव कोई न कोई अलंकार रहता ही है किन्तु

1. प्रतिहारेन्दुराज, लघुवृत्ति पृ.10

श्लेष का चमत्कार अन्य अलंकारों के चमत्कार को बाधित कर देता है। यदि ऐसे स्थलों पर श्लेष के स्थान पर अन्य अलंकार माना जायेगा तो श्लेष के लिये अवसर ही नहीं बचेगा। अत: अलंकारान्तर के रूप में उपमा के होने पर भी वहाँ श्लेष की सत्ता ही प्रधान मानी जायेगी। प्रतिहारेन्दुराज के मत में उपमा आदि अलंकार तो श्लेष के बिना भी रह सकते हैं किन्तु अन्य अलंकारों से रहित श्लेष की स्वतन्त्र सत्ता सम्भव ही नहीं है।[1] इसलिये श्लेष के साथ अन्य अलंकारों की उपस्थिति होने पर अन्य अलंकारों की उपेक्षा करके श्लेषालंकार का ही प्राधान्य मानना तर्कसंगत है। अत: उक्त उदाहरण में श्लेष अलंकार उपमालंकार का बाधक है।

आनन्दवर्धन के उत्तरवर्ती काल में उद्‌भट के एक अन्य टीकाकार तिलक ने श्लेष की प्रधानता का खण्डन किया है। उद्‌भट का श्लेष लक्षण स्वीकार करने पर मानना पड़ेगा कि श्लेष कभी भी स्वतन्त्र रूप से नहीं आ सकता । वह सदा किसी अलंकारान्तर की छाया का जनक बन कर स्वयं प्रधान रूप ही होगा। यह स्थिति तिलक को स्वीकार्य नहीं है। सर्वाधिक विवादजनक यह है कि उद्‌भट श्लेष को अन्य अलंकारों की प्रतिभा अर्थात् झलक का आधार मानते हैं।

**अलंकारगतां प्रतिभां जनयत्पदैः।**
**द्विविधैरर्थशब्दोक्तिविशिष्टं तत्प्रतीयताम्।।[2]**

तिलक के अनुसार श्लेष अलंकारान्तर की छाया के बिना भी स्वतन्त्र रूप से उपस्थित रह सकता है। यथा–

**ते गच्छन्ति महापदं भुवि पराभूतिः समुत्पद्यते**
**तेषां तैः समलंकृतं निजकुलं तैरेव लब्धा क्षितिः।**
**तेषां द्वारि नदन्ति वाजिनिवहास्ते भूषिता नित्यशो**
**ये दृष्टाः परमेश्वरेण भवता रुष्टेन तुष्टेन वा।।**

इस उदाहरण में श्लेष स्वतन्त्र रूप से प्रतिष्ठित है। इसलिये पल्लवताम्रादि में श्लेष और उपमा का संकर या उपमा मानना अधिक उपयुक्त है।[3] तिलक इसके लिये निम्नलिखित तर्क देते हैं–

1. जिस प्रकार गुण और क्रिया के साम्य में उपमा होती है, वैसे ही शब्दमात्र साम्य में भी होती है। पल्लवाताम्र....जैसे उदाहरण में जहाँ केवल शब्दमात्र का साम्य है, वहाँ क्रिया और गुण का साम्य नहीं है फिर भी वहाँ उपमा मानना न्यायसंगत है क्योंकि उपमा के लक्षण में केवल

---

1. एतच्च शिलष्टं द्विविधमप्युपमाद्यलंकार–प्रतिभोत्पादनद्वारेणालंकारतां प्रतिपद्यते। अतोऽनेनावकाशत्वात्स्वविषये अलंकारान्तराण्यपोद्यन्ते तेषां विषयान्तरे सावकाशत्वात् तदुक्तम् अलंकारगतां प्रतिभां जनयत्पदैः द्विविधैरिति। अलंकारान्तराणामत्र प्रतिभामात्रं न तु पदबन्ध इत्यर्थः। लघुवृत्ति, 4/24 पृ.,102
2. का.लं.सा.सं 4/24
3. विवृतिकार के शब्द द्रष्टव्य हैं– ''एतच्च श्लेषलक्षणपरीक्ष्यमाणमयुक्तं प्रतिभाति। ....... ते गच्छन्ति इत्यादौ श्लेषप्रतिष्ठे पल्लवाताम्रेत्यादौ संकरत्वमेव युक्तम् अथवा न्यायपरीक्षायामुपमारूपत्वमेव।'' –विवृति, पृ.106,107

साम्यमात्र की चर्चा की जाती है। वह शब्दगत है या अर्थगत इसका उल्लेख किसी आचार्य ने नहीं किया है।[1]

2. शब्दगत साम्य को छोड़ कर केवल गुण और क्रिया के साम्य में ही उपमा मानने से पूर्णोपमा निर्विषय हो जायेगी क्योंकि उपमान और उपमेयगत समानधर्म अलग-अलग होते हुये भी एक ही शब्द से कहे जाते हैं। ऐसी स्थिति में यदि श्लेष माना जायेगा तो पूर्णोपमा के लिये कोई स्थान ही नहीं बचेगा।

3. यदि यह कहा जाये कि पूर्णोपमा गुण और क्रिया साम्य में होती है जबकि श्लेष शब्दमात्र साम्य में होता है उसके लिये गुण और क्रिया का साम्य अपेक्षित नहीं तो यह कथन भी ठीक नहीं है क्योंकि गुण और क्रिया साम्य में पूर्णोपमा मानने पर अर्थश्लेष के लिये स्थान नहीं बचेगा क्योंकि अर्थश्लेष में गुण और क्रिया साम्य ही प्रकट होकर आता है। वहाँ पूर्वपक्ष पूर्णोपमा की सत्ता मानने का पक्ष रखता है। जबकि तिलक की मान्यता है कि जैसे शब्दश्लेष स्वतन्त्र रूप से प्रयुक्त होता है उसी प्रकार अर्थ श्लेष भी अलंकारान्तर की छाया के बिना हो सकता है। इसलिये जहाँ शब्दश्लेष और अर्थश्लेष किसी अलंकारान्तर के साथ उपस्थित होंगे वहाँ उनकी एकत्र उपस्थिति में संकर मानना उपयुक्त लगता है।[2] इस प्रकार भामह आदि अलंकारवादी आचार्यों और प्रतिहारेन्दुराज, नमिसाधु आदि कतिपय टीकाकारों ने माना कि श्लेष के प्रसंग में अन्य अलंकारों की सत्ता अनिवार्यत: होती है। साथ ही जहाँ साधारण धर्म के रूप में गुण और क्रिया का साम्य नहीं होता केवल शब्दमात्र साम्य रहता है वहाँ उपमा अलंकार नहीं अपितु श्लेष का ही प्राधान्य मानना चाहिये। जबकि तिलक का मानना है कि श्लेष स्वतन्त्र भी हो सकता है। साथ ही गुण और क्रिया के साम्य के विना केवल शब्दमात्र साम्य में भी उपमा को ही स्वीकार किया जाना चाहिये। इस प्रकार तिलक उद्भट के ग्रन्थ के टीकाकार होते हुये भी उनके मत को स्वीकार नहीं करते।

तिलक के बाद ध्वनि प्रस्थापक आचार्य मम्मट, विश्वनाथ ने इस विषय को और अधिक स्पष्टता प्रदान की। उनके समय तक श्लेष की तीन रूपों में स्थिति स्पष्ट हो गई थी। ये तीन रूप में हैं-

---

1. यच्चेतोहारि साधर्म्यमुपमानोपमेययोः।
मिथोऽविभिन्नकालादिशब्दयोरुपमा तु तत्।। -काव्यालंकारसारसंग्रह, 1/32
2. तथाहि- यथा गुणक्रियासाम्य उपमा तथा शब्दसाम्यमात्रेऽपि दृश्यते। न च तत्र श्लेषत्वमिति वक्तुं युक्तम्। पूर्णोपमा निर्विषयत्वप्रसंगात्। गुणक्रियासाम्ये सा भविष्यतीति चेत् न। अर्थश्लेषनिर्विषयताप्रसंगात्। अथ अस्मदुपदर्शितशब्दश्लेषवदुपमाविरहितोऽर्थश्लेषस्य विषयः कल्प्यते। तद्द्वयोरन्यत्र लब्धसत्ताकयोरेकत्र संनिपाते संकरतैव प्राप्नोति.........इति पल्लवेत्यादावुपमैव न्याय्या। -विवृति, पृ.107

* **स्वतन्त्र शब्दालंकार और अर्थालंकार के रूप में**
* **शब्दशक्त्युत्थध्वनि के आधार के रूप में**
* **उपमादि अलंकारों के मूल के रूप में**

मम्मट श्लेष के लक्षण में रुद्रट से प्रभावित प्रतीत होते हैं किन्तु अन्य अलंकारों की उपस्थिति में श्लेष की विविक्तता-अविविक्तता अथवा प्रधानता-अप्रधानता का निर्णय करने और श्लेष का शब्दत्व-अर्थत्व निर्धारण करने में तिलक की विचारधारा से प्रभावित प्रतीत होते हैं।

तिलक के समान मम्मट के मत में भी यह स्थिति ठीक नहीं है कि अलंकारान्तर के साथ श्लेष सर्वदा अन्य अलंकारों की प्रतिभोत्पत्ति का कारण बनता है। वस्तुतः श्लेषालंकार कभी अन्य अलंकारों से स्वतन्त्र रहता है और कभी नहीं भी रहता है। स्वतन्त्र न होने की स्थिति में कभी इसका चमत्कार अन्य अलंकारों के चमत्कार का बाध कर देता है, कभी स्वयं बाधित होकर उनका पोषक बन जाता है। यानी कि अलंकार के रूप में श्लेष की स्थिति तीन रूपों में हो सकती है-

1. **श्लेष की शब्दालंकार और अर्थालंकार के रूप में स्वतन्त्र सत्ता**
2. **अन्य अलंकारों के बाधक रूप में श्लेष की सत्ता**
3. **अन्य अलंकारों के पोषक रूप में श्लेष की सत्ता**

मम्मट उद्‌भट के द्वारा प्रस्तुत किये गये अलंकारान्तर की प्रतिभा के पल्लवाताम्रादि उदाहरणों में उपमा आदि को प्रधानतः विद्यमान मानते हैं। उनके मत में श्लेष को उपमा का बाधक मानने का कोई आधार नहीं है। श्लेष की भी सत्ता होने से इसे दोनों का संकर भले ही माना जा सकता है[1] श्लेष तो कदापि नहीं। यही स्थिति मम्मट के पूर्व तिलक ने स्वीकार की थी। श्लिष्ट उपमाओं में यदि श्लेष को प्रधान माना जायेगा तो पूर्णोपमा का विषय ही समाप्त हो जायेगा।[2] क्योंकि यहाँ श्लेष केवल साधारण धर्म (भास्वत्करविराजिता, अस्वाफललुब्धेहितप्रदा) में है। साधारण धर्म प्रतीति कराने के कारण उसका कोई अन्य उपयोग नहीं है। केवल साधारणधर्म की प्रतीति कराने के कारण यदि श्लेष की मुख्य स्थिति मानी जायेगी तो पूर्णोपमा के सभी उदाहरणों में उपमानगत धर्म और उपमेयगत धर्म जो की स्वभावतः अलग होते हैं। उनमें समानता की प्रतीति कराने के लिये उन्हें एक शब्द के प्रयोग से कहा जाता है। ऐसी स्थिति में यहाँ भी श्लेष को ही मुख्य मानना पड़ेगा। फलतः पूर्णोपमा के लिये तो स्थान ही नहीं बचेगा। इसलिये 'स्वयं च पल्लवा. ......' सदृश उदाहरणों में उपमा का प्राधान्य मानना ही उचित प्रतीत होता है। अपनी इस विचारधारा में मम्मट तिलक के अधमर्ण लगते हैं।

---

1. इत्यादिः श्लेषस्य चोपमाद्यलंकारविविक्तोऽस्ति विषय इति। द्वयोर्योगे संकर एव, काव्यप्रकाश, (मम्मट, व्या. विश्वेश्वर)-, पृ.428
2. अन्यथा विषयापहार एव पूर्णोपमायाः स्यात्, काव्यप्रकाश (मम्मट, व्या. विश्वेश्वर) - पृ. 429

इसके अतिरिक्त राजानक तिलक के समान मम्मट इस विचार से भी सहमत नहीं हैं कि श्लेष कभी स्वतन्त्र रूप से नही हो सकता। वास्तविकता तो यह है कि श्लेष भी अन्य अलंकारों के बिना स्वतन्त्र रूप से रह सकता है। जैसे-

**देव त्वमेव पातालमाशानां त्वं निबन्धनम्।**
**त्वं चामरमरुद्भूमिरेको लोकत्रयात्मकः।।**

अर्थात् हे देव आप ही पाताल (1-लोक 2- अलं पाता सदा रक्षक) हैं। आप ही भूलोक हैं (आशानिवन्धन = 1-संसार की उम्मीदों के केन्द्र 2 दिशाओं के व्यवहार का केन्द्र-) हैं और आप ही स्वर्गलोक (1- देवों और मरुतों के निवास स्थान 2-चामर डुलाने से उत्पन्न वायु का सेवन करने वाले) हैं। यहाँ श्लेष अलंकार उपमादि के बिना स्वतन्त्र रूप से विद्यमान है।

मम्मट इसी आधार पर विरोधाभास आदि अलंकारों के साथ श्लेष की उपस्थिति में श्लेष को ही बाधित या आभासमात्र मानते हैं।[1] जबकि प्रतिहारेन्दुराज, रुय्यकादि आचार्य श्लेषालंकार को विरोधाभास का बाधक मानते हैं। यथा-

**'अबिन्दुसुन्दरी नित्यं गलल्लावण्यबिन्दुका'**- यहाँ आपाततः विरोध प्रतीत होता है कि जो सुन्दरी (अबिन्दु) बिन्दु रहित है, वह (गलल्लावण्यबिन्दुका) झरते हुये लावण्य के बिन्दु वाली कैसे हो सकती है? श्लेष से इस विरोध का परिहार हो जाता है कि है-जल में प्रतिबिम्बित इन्दु के समान (अप्सु प्रतिबिम्बितः इन्दुः इति अबिन्दुः, अबिन्दुवत् सुन्दरी इति अबिन्दुसुन्दरी) सुन्दरी के मुख से सदा लावण्य की बूँदें झरतीं हैं। यहाँ श्लेष को कथमपि विरोधाभास के प्रतिभास का कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि कथन का चमत्कार विरोधाभास के अधीन है जो बिन्दुरहित और बिन्दुसहित प्रयोग में है, इसमें दूसरे अर्थ का प्रतिभासमात्र है प्ररोह नहीं। अतः यहाँ श्लेषप्रधान नहीं माना जा सकता। अन्तिम अन्वय में श्लेष का अन्वय नहीं रहता केवल क्षणिक प्रतिभासमात्र रहता है। यदि श्लेष का पर्यवसान अन्तिम होता है तभी श्लेषालंकार होता है। क्योंकि अन्तिम विश्रान्ति जिस अर्थ में होती है वह है- जल में प्रतिबिम्बित इन्दु के समान (अप्सु प्रतिबिम्बितः इन्दुः इति अबिन्दुः, अबिन्दुवत् सुन्दरी इति अबिन्दुसुन्दरी) सुन्दरी के मुख से सदा लावण्य की बूँदें झरतीं हैं। विरोध सूचक अर्थ अबिन्दु पद के श्लेष से पता चल जाता है। परन्तु जैसे ही प्रतीत होता है कि अबिन्दु का अर्थ जल में प्रतिबिम्बित चन्द्रमा है, वैसे ही श्लेष समाप्त हो जाता है। अन्तिम अन्वय के समय श्लेष की स्थिति न रहने से श्लेष का प्ररोह नहीं हो पाता। अतः श्लेषालंकार नहीं माना जा सकता है। यद्यपि श्लेष के समान विरोध की स्थिति भी मध्य में ही आती है फिर भी विरोधाभास की प्रधानता में अन्तर नहीं पड़ता क्योंकि विरोध की अवास्तविकता में ही विरोधाभास अलंकार होता है वास्तविक विरोध में नहीं। विरोध के वास्तविक होने में अलंकार नहीं होगा। अबिन्दुसुन्दरी पद का दूसरा अर्थ विदित होते ही विरोध का परिहार हो जाता है। विरोध

1. न च ... विरोधप्रतिभोत्पत्तिहेतुः श्लेषः, श्लेषप्रतिभोत्पत्तिहेतुर्विरोधः - वही।

का परिहार होने से ही विरोधाभास अलंकार की स्थिति बनी है। जबकि श्लेषालंकार का अलंकारत्व उसके आभासमात्र में नहीं अपितु वास्तविकता में है।

शिलष्ट-रूपक का यह उदाहरण भी द्रष्टव्य है। सद्वंश मुक्तामणिः - (यह राजा) सद्वंश का मुक्तामणि है । यहाँ सद्वंश का अर्थ है सत्कुलरूपी उत्तम बाँस। वंश शब्द शिलष्ट है। इसके दो अर्थ हैं- कुल और बाँस। वंश शब्द के श्लेष के कारण वंश-कुल पर वंश-बाँस का आरोप सम्भव है।इसी आधार पर राजा के ऊपर मुक्तामणि के आरोप की संगति बैठ पाती है। इसलिये श्लेषनिष्ठ परम्परित रूपक प्रधान है। श्लेष की स्थिति रूपक के उपकारार्थ है। प्रतिभासमात्र होने से उसमें स्वतन्त्र रूप से विश्रान्ति नहीं है। प्रधानता रूपक की ही अनुभूत होती है ।

शिलष्ट-व्यतिरेक का यह उदाहरण द्रष्टव्य है- **'नाल्पः कविरिव स्वल्पश्लोको देव! महान् भवान्'।**

यहाँ 'श्लोक' शब्द शिलष्ट है। इसका एक अर्थ है -कीर्ति और दूसरा अर्थ है-पद्य। श्लेष की सहायता से अर्थ निकलता है- हे राजन्! आप छोटे कवि के समान थोड़े यश वाले नहीं है अपितु उसकी तुलना में महान् यश वाले हैं। श्लेष का पर्यवसान व्यतिरेक में होता है। अतः श्लेष प्रतिभास मात्र सत्ता वाला है।

समासोक्ति के निम्नलिखित उदाहरण को देखिये-

**अनुरागवती सन्ध्या दिवसस्तत्पुरस्सरः।**
**अहो दैवगतिश्चित्रा तथापि न समागमः॥**

यहाँ सन्ध्यापक्ष और नायक-नायिका पक्ष दोनों की चेष्टाओं के बोधक अनुराग और समागम शब्द शिलष्ट हैं। अनुराग का सन्ध्या पक्ष में अर्थ है- 'लालिमा' और नायक-नायिका पक्ष में अर्थ है-'प्रेम'। इसी प्रकार 'समागम' का सन्ध्या पक्ष में अर्थ है- 'मेल' और नायक-नायिका पक्ष में अर्थ है-'दोनों का संयोग'। प्रस्तुत सन्ध्या के वर्णन में प्रयुक्त शिलष्ट विशेषणों से नायक-नायिका व्यवहार की प्रतीति होने से यहाँ समासोक्ति अलंकार है। श्लेष में विश्रान्ति न होने से श्लेष प्रतिभास मात्र है। इसलिये इस पद्य में प्रधान रूप से समासोक्ति है, श्लेष नहीं।

मम्मट की इस स्थापना के बाद अलंकार सर्वस्वकार रुय्यक, प्रतापरुद्रीयकार विद्यानाथ आदि कतिपय अन्य आचार्यों का भी मानना है कि श्लेष अलंकार के साथ कोई न कोई अलंकार अवश्य रहता है। यह स्वतन्त्र रूप से कभी नहीं रहता।

रुय्यक ने उद्‌भट के ही मत को अधिक स्पष्टता प्रदान करने का कार्य किया है। आचार्य रुय्यक के मत में श्लेष सभी अलंकारों का बाधक बनता है।[1] यानी कि श्लेष के साथ जहाँ उपमा,

1. शब्दार्थोभयनिष्ठोऽयं सर्वालंकारबाधकः।-अलंकारसर्वस्व-निष्कृष्टार्थकारिका, (श्रीविद्याचक्रवर्तिन्), 65

रूपक, उल्लेखादि की प्रतीति होने पर श्लेष उपमादि का बाधक माना जायेगा क्योंकि ऐसे स्थानों पर अन्य अलंकार आभासमात्र से ही प्रतीत होने से श्लेष की तुलना में अस्फुट हो जाते हैं और श्लेष प्रधान रूप से प्रतीत होता है। किन्तु यदि श्लेष किसी पूर्वसिद्ध अलंकार का अंग है तो न्यायतः बाधित होता है।[1] रूपक अलंकार के प्रसंग में रुय्यक के टीकाकार श्रीविद्याचक्रवर्तिन् भी स्पष्ट करते हैं कि पूर्वतः सिद्ध रूपक यदि श्लेष का उत्थान करे तब रूपक ही होगा।[2]

**श्लेष विषयक रुय्यक की मान्यतायें इस प्रकार हैं-**

1. श्लेष अलंकार प्राकरणिक व अप्राकरणिक और उभय रूप वाले एकाधिक अर्थों को लेकर आत्मलाभ करता है।
2. प्राकरणिक (वाच्य) व अप्राकरणिक (वाच्य) अर्थ में विशेषण और विशेष्य दोनों का साम्य होने पर श्लेषालंकार होता है।
3. यदि श्लेषोक्त दोनों अर्थ प्राकरणिक हैं या दोनों अर्थ अप्राकरणिक हैं तो उस स्थल में तुल्योगिता अलंकार अवश्य होगा।
4. यदि श्लेषोक्त अर्थ में एक प्राकरणिक और दूसरा अप्राकरणिक और श्लिष्ट अर्थ उभय रूप है तो क्रिया या कारक से उन दोनों अर्थों के उद्दीप्त होने पर वहाँ दीपक का प्रतिभान होगा।
5. श्लेष का अलंकारान्तरप्रतिभान से रहित व्यतिरिक्त अस्तित्त्व सम्भव ही नहीं।
6. श्लेष अपने साथ प्रतीत होने वाले अलंकारों के प्रतिभान का हेतु है।
7. प्राकरणिक (वाच्य) व अप्राकरणिक (गम्य)अर्थ में केवल विशेषण का साम्य होने पर समासोक्ति अलंकार होता है।

आचार्य विश्वनाथ अपनी श्लेष विषयक मान्यता में मम्मट से पूर्णतः प्रभावित हैं। मम्मट जहाँ तिलक से प्रभावित होकर उद्भट और प्रतिहारेन्दुराज का खण्डन करते हैं, वहीं मम्मट के उन्हीं तर्कों को लेकर विश्वनाथ रुय्यक का खण्डन करते हैं।

**येन ध्वस्तमनोभवेन..... सर्वदोमाधवः॥** इस पद्य में विष्णु और शिव परक दोनों ही अर्थ कवि को अभीष्ट हैं। ये दोनों ही प्राकरणिक होने से वाच्यार्थ हैं। आनन्दवर्धन, मम्मट व विश्वनाथ के मत में यहाँ श्लेष की ही सत्ता है।

उद्भट और रुय्यक के मत में भी यहाँ श्लेष ही प्रधान है। यद्यपि यहाँ दो प्रस्तुतों विष्णु और शिव का एक धर्म ध्वस्तमनोभवेन आदि से सम्बन्ध होने से तुल्योगिता भी प्राप्त है किन्तु श्लेष का चमत्कार तुल्योगिता के चमत्कार का बाध कर देता है। शोभाकरमित्र इसमें तुल्योगिता का अभाव भिन्न ढंग से करते हैं। इनके मत में प्रकृत या अप्रकृत विशेष्यों का ही एक धर्म से सम्बन्ध

1. पूर्वसिद्धस्य चेदङ्गस्तदा न्यायेन बाधते।। - अलं.सर्व.-नि.कारिका, 66
2. रूपकं पूर्वसिद्धं श्लेषमुत्थापयेद् यदि। तदा रूपकमेव स्यादन्यथा श्लेष इष्यते।।
-अलं.सर्व.-नि.कारिका, (श्रीविद्याचक्रवर्तिन्), 21

बताया गया है। अतः तुल्योगिता सम्भव ही नहीं है।[1] इसलिये ध्वनिवादी और अलंकारवादी आचार्य अपनी-अपनी दृष्टि से श्लेष की सत्ता स्वीकार करते हैं। सन्निहितबालान्धकाराऽपि भास्वन्मूर्तिः में श्लेष विरोधाभास के चमत्कार के सामने स्वयं चमत्कारहीन हो जाता है। क्योंकि 'बाल' और 'भास्वत्' शब्दों का श्लेष विरोधाभास के चमत्कार का पोषक है। रुद्रट ने उपमा और समुच्चय के लिये एक महत्त्वपूर्ण बात कही थी कि यद्यपि ये दोनों अर्थालंकार हैं किन्तु ये दोनों ही उपमान और उपमेय के लिये एक समान शब्दों को धारण करते हुये भी सम्भव होते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि उपमा और समुच्चय केवल शब्दगत समानता के आधार भी प्रवृत्त होते हैं। रुद्रट की इसी विचारधारा के आधार पर मम्मट और मम्मट का अनुकरण करते हुये विश्वनाथ ने निष्कर्ष निकाला कि उपमा अलंकार के अन्तर्गत उपमेय और उपमान में गुण और क्रिया साम्य तो होता ही है। साथ ही शब्दसाम्य में भी उपमा अलंकार हो सकता है। जैसे-

**सकलकलं पुरमेतज्जातं सम्प्रति सुधांशुबिम्बमिव।**

यह नगर अब चन्द्रबिम्ब के समान हो गया है। क्योंकि दोनों सकलकल हैं। (चन्द्रपक्ष में सकलकल का अर्थ है- सम्पूर्ण कलाओं से युक्त। पुरपक्ष में सकलकल का अर्थ है- कोलाहल से युक्त) इस प्रकार चन्द्र और पुर में शब्दमात्र का साम्य है। इस उदाहरण में उद्‌भट ने श्लेष ही माना है किन्तु मम्मट और विश्वनाथ के मत में यहाँ उपमा मानना ही उचित है। क्योंकि कवि का विवक्षित उपमा ही है श्लेष नहीं।

**विश्वनाथ के प्रमुख तर्क हैं-**

1. समासोक्ति और अप्रस्तुतप्रशंसा में द्वितीय अर्थ अभिधेय नहीं होता अतः उसमें श्लेष की गन्ध भी नहीं।

2. (विद्वन्मानसहंस) विद्वानों के मन रूपी मानसरोवर के राजा रूपी हंस इस रूपक में मानस (मन और मानसरोवर) शब्द श्लिष्ट है तथापि रूपक अलंकार ही श्लेष का बाध करता है क्योंकि मानस शब्द का सरोवर अर्थ ग्रहण करने पर राजा पर हंस के आरोप का आधार संगत लगता है। इसी से वाक्य की विश्रान्ति है। अतः श्लेष के लिये स्थान ही नहीं है।

3. सन्निहित बालान्धकार... में केवल विरुद्ध अर्थ का प्रतिभास है, वास्तविक विरोध न होने से ही विरोधाभास है।

4. पुनरुक्तवदाभास में भी पुनरुक्ति का अभासमात्र है वास्तविक पुनरुक्ति नहीं है।

5. सकलकल...में कोलाहल युक्त नगर और कलायुक्त चन्द्र में साम्य ही वाक्यगत आकांक्षा का पूरक है।

6. श्लेषालंकार की अलंकारान्तर से अविविक्तता है, यह मानना भी उपयुक्त नहीं क्योंकि येन ध्वस्त..... आदि में श्लेष अन्य अलंकारों से पूर्णत विविक्त व स्वतन्त्र है। पूर्व पक्ष का यहाँ तुल्योगिता मानना उपयुक्त नहीं।

1. अलंकाररत्नाकर (शोभाकरमित्र), 44

**शोभाकर मित्र ने श्लेष की पाँच अवस्थायें गिनाई हैं-**

1. श्लेष की स्वतन्त्र सत्ता, जहाँ अन्य कोई प्रधान अलंकार नहीं होता।
2. अन्य अलंकारों के प्रतिभान का हेतु होना।
3. अन्य अलंकारों के प्रति गौणता/अंगता प्राप्त करना।
4. भलीभांति प्ररूढ़ न होने के कारण श्लेष की प्रतिभासिकता
5. अन्य अलंकारों को अनुप्राणित करना।[1]

चौथी और पाँचवीं अवस्था क्रमशः तीसरी और दूसरी अवस्था से बहुत अलग नहीं है। इसलिये श्लेषालंकार के सम्बन्ध में पूर्वोक्त तीन अवस्थायें ही उचित प्रतीत होती हैं।

सम्भवत मम्मट, रुय्यक, विश्वनाथ आदि के विवेचन से प्रभावित होकर पण्डितराजजगन्नाथ ने उपमा के केवलपरम्परित शिलष्टोपमा और मालापरम्परित शिलष्टोपमा भेदों को स्वीकार किया है। जैसे- केवलश्लिष्टपरम्परित उपमा का यह उदाहरण द्रष्टव्य है-

**नगरान्तर्महीन्द्रस्य महेन्द्रमहितस्श्रियः।**
**सुरालये खलु क्षीबा देवा इव विरेजिरे।।**[2]

अर्थात् जिसकी सम्पति इन्द्रसम्पति की तरह सुपुजित है। उस महीपति के नगर के 'सुरालय' (मद्यगृह) 'सुरालय'(सुरों का आलय-सुमेरु) में मत्तजन देवता की तरह सुशोभित हैं। यहाँ केवलश्लिष्ट परम्परित उपमा है। राजसम्पत्ति का इन्द्रसम्पत्ति से सादृश्य मदमत्तों के देवों से और मद्यगृह के सुमेरू से सादृश्य का हेतु है। इसलिये परम्परित उपमा है। श्लेष से अर्थ निकलता है सुरालय (मद्यगृहं) सुरालय (सुमेरुरिव) इव। श्लेष का उद्देश्य उपमान और उपमेय के मध्य केवल सादृश्य का निर्वाह करना है। अतः श्लेष स्वतन्त्र चमत्कार का जनक न होकर उपमा का अनुग्राहकमात्र है।

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन का यह निष्कर्ष निकलता है कि काव्यशास्त्र में श्लेष की अलंकार के रूप में मान्यता का एक ऐतिहासिक विकासात्मक क्रम है। आरम्भ में एक शब्द से दो अर्थों की योजना को श्लेष माना गया, किन्तु उत्तरोत्तर इसका स्वरूप और द्व्यर्थक अलंकारों से भेद स्पष्ट होता गया। श्लेष की अलंकारान्तर से विविक्तता और अविविक्तता के सम्बन्ध में आचार्यों में स्पष्टतः दो वर्ग दिखाई देते हैं । अलंकारवादी आचार्य श्लेष की स्वतन्त्र सत्ता न मान कर उसे उपमा, हेतु, सहोक्ति, समुच्चय आदि के साथ उन अलंकारों के पोषक के रूप में प्रधान स्थान देते हैं। अतः इन्होंने श्लेष को अन्य अलंकारों के प्रतिभास का निमित्त माना। इसके विपरीत

---

1. प्रधानभूतालंकारवियोगात् सावकाशता। कुत्रचित्प्रतिभोत्पत्तिहेतुत्वं क्वचिदंगता।।
क्वचित् प्रोहविरहात् प्रातिभं परत्र च। अनुप्राणकताऽस्येति श्लेषोऽयं पञ्चभूमिकः।। अलंकाररत्नाकर, 44
2. रसगंगाधर, जगन्नाथ, व्या. मदनमोहन झा, द्वितीय आनन, पृ.322

ध्वनिवादी मम्मट आदि अचार्यों की दृष्टि में श्लेष की सत्ता प्रतिभास मात्र होती है। उसके साथ आया हुआ उपमादि अलंकार प्रधान होता है। इनके मत में श्लेष स्वतन्त्र रूप में भी प्रयुक्त हो सकता है। वस्तुतः यही स्थिति उचित भी लगती है। स्वयं रुद्रट ने भी अर्थालंकार के श्लेष मूलक अलंकारवर्ग में जिन दस अलंकारों की स्थिति मानी उन अलंकारों में श्लेष केवल उनका आधार बना है प्राधान्य विरोध, विरोधाभास अधिक,व्याजोक्ति आदि का ही है। इनमें से कई अलंकार कालान्तर में स्वतन्त्र अलंकार के रूप में स्वीकार किये गये हैं। जैसे विरोधाभास, व्याजोक्ति आदि। इसके अतिरिक्त शिलष्टवक्रोक्ति, शिलष्टव्यतिरेक आदि अनेक अलंकार हैं, जिनमें श्लेष की सत्ता अनुग्राहक के रूप में होने से गौण ही होती है। प्रधानता वक्रोक्ति, व्यतिरेक आदि की ही होती है क्योंकि सहृदयों की विश्रान्ति वक्रोक्ति, व्यतिरेक आदि में ही होती है। इसलिये यही स्थिति उपमा, समुच्चय आदि अलंकारों के प्रसंग में भी जानना चाहिये। पल्लवाताम्र... जैसे उदाहरणों में कवि की विवक्षा द्व्यर्थी शब्द योजना के आधार पर प्रस्तुत-अप्रस्तुत का साम्य बतलाने की होती है, इसके अतिरिक्त यहाँ द्व्यर्थी शब्द योजना का कोई अन्य औचित्य नहीं होता। देव त्वमेव पाताल... उदाहरण में श्लेष अलंकारान्तर की छाया के बिना ही स्वतन्त्र रूप से विद्यमान है। पृथुकार्तस्वरपात्र ...उदाहरण में श्लेष उपमा का बाधक होकर शब्दालंकार के रूप में प्रधानता से स्थित है। पल्लवाताम्र..... उदाहरण में श्लेष उपमा का पोषक है और स्वयं बाधित है। अतः कवि विवक्षा और सहृदय की विश्रान्ति को ध्यान में रखकर ही श्लेष की प्रधानता और अप्रधानता का निर्णय करना चाहिये।

इस प्रकार श्लेषालंकार के प्रसंग में श्लेष की जो चर्चा भामह (छठी शती) के द्वारा उपमा, सहोक्ति व हेतु के मूल से प्रारम्भ की गई थी, कालान्तर में जिसे उद्भट (आठवीं शती) के द्वारा सर्वालंकारबाधक माना गया, वही शनैः-शनैः पण्डितराज जगन्नाथ तक (17वीं शती) उपमा आदि अलंकार विशेष के एक विशिष्ट भेद के रूप में विकसित हुई। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि श्लेष अथवा अन्य अलंकार की प्रधानता-अप्रधानता का आधार कवि विवक्षा (कविप्रतिभासंरम्भगोचरोऽर्थोऽलंकार्यः...तिलक विवृति)और सहृदय की विश्रान्ति के आधार पर निश्चित किया जाये न कि केवल द्व्यर्थी शब्दयोजना के आधार पर। इसलिये शब्दमात्र साम्य में भी श्लेष का बाध करके उपमा की सत्ता सम्भव है। 'प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्ति' न्याय से प्रधान व गौणभाव का निर्णय किया जाता है। अर्थात् श्लेष का निर्वाहक साम्य है अथवा साम्य का निर्वाहक श्लेष है यह कवि विवक्षा के आधार पर निर्णीत होता है। साथ ही यह भी प्रमाणित हुआ कि श्लेष की काव्य में स्वतन्त्र स्थिति भी सम्भव है। इस विवेचन के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त तो यही लगता की यदि श्लेष किसी अलंकार के अनुग्राहक के रूप में आता है तो उसे वैसे ही उस अलंकार का एक नया भेद स्वीकार कर लिया जाये जैसे दण्डी व पण्डितराज जगन्नाथ ने उपमा के भेद के रूप शिलष्टोपमा को स्वीकार किया है।

ISSN - 0974-8946
जनवरी-मार्च 2018

शोधप्रभा
वर्षः 43, द्वितीयाङ्कः

# ब्रह्मसिद्धान्त में कर्मक्षणिकता एवं कर्मबन्धविमर्श

(प्रस्तुत शोधपत्र पं.मधुसूदन ओझा जी के ग्रन्थों पर आधारित है)

प्रो. हरेराम त्रिपाठी*

"ब्रह्मसिद्धान्त" ग्रन्थ स्व.पं मधुसूदन ओझा द्वारा प्रणीत है। जिसमें ब्रह्म के स्वरूप का दिग्दर्शन किया गया है। यह ग्रन्थ वस्तुतः वेद एवं उपनिषद् पर आधारित है। ब्रह्मसूत्र का प्रथम सूत्र है 'अथाऽतो ब्रह्मजिज्ञासा, जिसका तात्पर्य है साधनचतुष्टयानन्तर ब्रह्म जिज्ञासा करनी चाहिए। अनादि काल से जिज्ञासा का उदय चिन्तनशील प्राणियों में देखा जाता है। आधुनिक वैज्ञानिक एवं सामान्य जन भी सृष्टि के सम्बन्ध में जानने के लिए उत्सुक हैं। आधुनिक वैज्ञानिक विश्वरहस्य जानने के लिए अत्यन्त उत्सुक हैं। सृष्टि का मूल क्या है? सृष्टि किससे बनी? कैसे बनी? सृष्टि का स्वरूप क्या है? इन प्रश्नों के समाधान के लिए भारतीय ऋषियों ने सत्य के साक्षात्कार के विषय में अनेक तथ्यों का उद्घाटन किये। स्व.पं. मधुसूदन ओझा जी ने उन सभी धारणाओं को दशवाद संज्ञा के अन्तर्गत समेटते हुए दार्शनिक दृष्टि को प्रदान की। ये दशवाद है।[1]

1. विज्ञानेतिवृत्तवाद। 2. सदसद्वाद। 3. रजोवाद। 4. व्योमवाद।
5. अपरवाद। 6. आवरणवाद। 7. अम्भोवाद। 8. अमृतमृत्युवाद।
9. अहोरात्रवाद। 10. दैववाद।

उसके अनन्तर ग्यारहवें वाद को संशँवाद की संज्ञा दी गयी। तदनन्तर 12वें वाद को ब्रह्मसिद्धान्तवाद की संज्ञा दी गयी। इसी के अन्तर्गत उञ्चासवें तथा पचासवें अधिकरण को यथाक्रम क्षणिकाधिकरण तथा कर्मबन्धाधिकरण कहा जाता है। इन दोनों अधिकरण के विषय में ही मेरा लेख केन्द्रित है।

---

* आधुनिक विद्या सङ्काय प्रमुख, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली-16

1. ब्रह्मसिद्धान्त (स्व.पं. मधुसूदन ओझा) पृ.5
2. तदेव पृ. 448 क्षणिकाधिककरणम्

आभु-"अभवमिति जगतो द्वे मूले"[1] ब्रह्मविज्ञानशास्त्र में संशय तदुच्छेदवाद प्रकरण में कहा गया है कि आभु एवं अभ्व इस जगत् के दो मूल तत्त्व हैं। आभु[2] तत्त्व को रस, अमृत, ब्रह्म एवं ज्ञानादि शब्दों द्वारा व्यक्त किया जाता है तथा अभ्व तत्त्व को बल, मृत्यु, माया एवं कर्म शब्द से व्यवहृत किया जाता है। आसमन्तात् भवति इस व्युत्पत्ति के अनुसार आभु व्यापक है वही ब्रह्म है। अमरण धर्मा है कभी विनाश नहीं होता है इसलिए इसे अमृत कहते हैं। यही तत्त्व उपवृंहित होकर संसार स्वरूप में परिणत होता है इसलिए इसे ब्रह्म कहते हैं। अभ्व को मृत्यु कर्म और बलादिशब्दों से जाना जाता है। क्रिया सर्वदा नष्ट होने वाली है। उत्पत्ति-स्थिति और लय ये तीन ही भाव क्रिया में रहते हैं। जिस क्षण में स्थिति बतायी जाती है वास्तव में वह स्थिति भी नष्ट होती रहती है। 'अभूत्वा भाति न भवन् भाति' इस व्युत्पत्ति से अभ्व कहा जाता है। यह मूल मरण धर्मा है अनित्य है इसलिए इसे मृत्यु कहते हैं। आभु को रस कहा जाता है इसी प्रकार अभ्व को बल कहते हैं आभु द्रष्टा है अभ्व दृश्य है। अभ्व ही बल या कर्म है। कर्म की त्रिरूपता ब्रह्म सिद्धान्त में स्वीकार की गयी है। क्षणिक कर्म सान्तानिक-कर्म और प्रावाहिक-कर्मों का विवरण सर्वप्रथम उपलब्ध होता है। तदनन्तर सान्तानिक-कर्म का निरूपण ओझा जी करते हैं-

**अथ प्रवाहे पुनरूर्मयो यो उत्थानमासां पतनं च रूपम्।**
**रसेऽमृते ब्रह्मणि ता अनन्ता उत्थाय चोत्थाय पतन्ति तस्मिन्।।**[3]

**उत्तिष्ठते ब्रह्मणि सृज्यतेऽसौ पतत्यथो तत्र विलीयतेऽसौ।**
**उत्थाय यावत् पततीह यावत् कर्मैतदेकं प्रथितो रसेऽस्मिन्।।**[4]

अर्थात् वायु के संसर्ग से समुद्र के जलों में तरङ्गे उठती है तथा जलों में ही विलीन हो जाती हैं। ब्रह्म में कर्म का उद्भव होता है। इसी को कर्म की सृष्टि कहते है। पुनः कर्म रस में विलीन हो जाता है कर्म के उत्थान से लेकर पतन पर्यन्त अनेक क्षणिक कर्म उत्पन्न होते हैं परन्तु रस में कर्मों की श्रृंखला एक कर्म के रूप में ही प्रसिद्ध होती है। जल में तरङ्ग उस तरङ्ग में भी तरङ्ग उसमें भी तरङ्ग उठती रहती है वह एक बड़ी कर्म उर्मि (तरङ्ग) ही सान्तानिक कर्म है। सान्तानिक-कर्म लघु तथा दीर्घरूप से अनन्त भेदों वाला होता है। बौद्ध दर्शन के अनुसार "यत् सत् तत् क्षणिकम्" जिस पदार्थ की सत्ता है वह क्षणिक है। क्रियाओं की धारा निरन्तर प्रवाहित होती रहती है कर्त्ता अन्य, फलप्राप्तकर्त्ता उसकी सन्तति होती है क्योंकि कर्म की निरन्तरता उत्पत्ति एवं विनाशशील होने के कारण सान्तानिक-कर्मों की परम्परा निरन्तर प्रवाहित होती रहती है।

---

1. संशय तदुच्छेदवाद पृ. 1
2. तदेव पृ. 2
3. ब्रह्मसिद्धान्त पृ. 445 सन्तानाधिकरणम् ।।48।।
4. तदेव पृ. 445 ।।49।।

**महान् य उत्थान निपातभङ्गो ब्रह्माण्डसर्गः प्रथितः स एकः।**
**ब्रह्माण्डसर्गाः प्रभवन्त्यसंख्या भिन्नास्तदुत्थाननिपातभङ्गैः॥[1]**
**धीप्राणवाङ्मारुतसूर्यचन्द्रपृथ्वीति सत्ताऽवयवोत्थितिः स्यात्।**
**पृथ्वी पुनर्धीत्वमुपेत्य लीना रसे भवेत् तत्पतनं महोर्म्याः॥[2]**
**सूर्योद्भवोऽन्या पुनरुत्थितिर्मता सूर्यस्य नाशः पतनं तदन्तरे।**
**तत्रापि पृथ्वी यद्भूत् तदुत्थितेः पृथ्वी विनाशः पतनं तदन्तरे॥[3]**

ब्रह्म में उत्थान तथा पतन रूप सबसे महान् कर्म तरङ्गों से एक ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार असंख्य उत्थान एवं पतन रूप से महानतम भृङ्गों से (कर्मतरङ्गों) असंख्य ब्रह्माण्ड सर्ग अनेकों रूपों में उत्पन्न होता है। उस कर्ममहातरङ्ग में अवान्तर तरङ्गों के रूप में उत्पन्न होता है। उस कर्ममहातरङ्ग में अवान्तर तरङ्गों के रूप में बुद्धि, प्राण, वाक्, वायु, सूर्य, चन्द्र और पृथिवी रूप सात अवयवों का उत्थान होता है। रस का बलजनित कर्म से सम्बन्ध पर सर्वप्रथम धी नाम के **मन** का उदय होता है तदनन्तर **प्राण** का तदनन्तर **वाक्** का उदय होता है। ये तीनों अवयव पुरुष की कला है। इसके बाद वायु का उदय होता है। वायु पद से यहाँ अक्षर पुरुष का कला रूप सृष्टि का कारणभूत सोम लक्षित है।

इसी के अनन्तर सूर्य, चन्द्र और पृथिवी ये तीन पिण्डभाव प्रत्येक ब्रह्माण्ड में भिन्न भिन्न उत्पन्न होते हैं इन सात अवयवों के उत्थान से प्रत्येक ब्रह्माण्ड की सृष्टि की पूर्णता होती है। पतन की अवस्था में पृथिवी एवं चन्द्र सूर्य में लीन होते हैं सूर्य मारुत नामक सोममण्डल में सोम वाक् में, वाक् प्राण में और प्राण मन में यथाक्रम लीन होते हैं। उत्थान की अन्तिम सीमाभूमि क्रमशः बुद्धिरूपता तक समाविष्ट होती है। पार्थिव प्राणियों का जन्म अवान्तर लघु तरङ्गों से होती है। मनुष्यों का बोलना, पाचन क्रिया सम्पादित करना, श्रवण करना, भोजन करना, शयन करना, उठना, देखना और भ्रमण करना इस प्रकार के कर्म बल के रूप हैं। कर्मों के तीन भेद स्वीकार किये जाते हैं। सान्तानिक-कर्म, प्रवाहिक-कर्म और क्षणिक-कर्म इनकी समता एवं विषमता अधोलिखित है।

1. सान्तानिक-कर्म समता भी धारावाही होते हैं।[4]
2. प्रवाहिक-कर्म अनादि और अनन्त होते हैं।

विषमता

1. सान्तानिक-कर्म के आदि और अन्त होता है।
2. प्रवाहिक-कर्म अनादि और अनन्त होते है।

1. तदेव पृ. 446 ॥52॥
2. तदेव पृ. 446 ॥53॥
3. तदेव पृ. 446 ॥54॥
4. तदेव पृ. 446 ॥449॥

जैसे पाक से सम्बन्धित कर्म एक निश्चित काल में उत्पन्न होते हैं। पाक रूपी फल को सम्पादित कर समाप्त हो जाते हैं यह सान्तानिक-कर्म है। इसी प्रकार पृथिवी को उत्पन्न करने वाले महासान्तानिक-कर्म पृथिवी के नाश पर्यन्त समाप्त हो जाते हैं।

**अथाखिलानि क्षणिकानि तानि सोत्थानपातानि भवन्ति किन्तु।**
**धारावाहीणि न सन्ति तस्मात् सान्तानिकाद् भिन्नतराणि तानि।।**[1]

**बलं तु सान्तानिकमत्र भिद्यते तथापि नेदं क्षणिकैर्विना कृतम्।**
**प्रावाहिकं चापि बलं प्रभिद्यते विना तु सान्तानिककर्मभिर्न तत्।।**[2]

अर्थात् उत्थान एवं पतन रूप अनेक सान्तानिक-कर्मों में परम्परा क्रम से बंधे हुए क्षणिक-कर्म अपनी क्रियाओं में निरत रहते हैं। प्रवाह रूप से अनेक क्षणों में उनकी वर्तमानता रहती है।

सभी क्षणिक-कर्म भी उत्थान-पतनरूप तो होते हैं परन्तु धाराप्रवाही नहीं होते इसलिए सान्तानिक-कर्मों से भिन्न माने जाते हैं। सान्तानिक-कर्म भिन्न होते हुए भी क्षणिक-कर्म के बिना नहीं रह सकता है। प्रवाहिक-कर्म भिन्न है परन्तु, सान्तानिक-कर्म के बिना उसकी सत्ता नहीं होती है। सभी कर्मों का अधिष्ठान रस में क्षणिक कर्मों का उत्थान पतन होता रहता है, तथापि उत्थान एवं पतन का हेतु दिखाई नहीं देता है। इसी प्रकार सतत प्रवाहित प्रवाहिक कर्म के पृथक् हेतु उपलब्ध नहीं होता है। क्षणिकों के बिना सन्तानभाव सम्भव नहीं तथा सन्तानभाव के बिना प्रवाहभाव भी सम्भव नहीं है। यहाँ पर व्याप्ति होती है यत्र-यत्र क्षणिककर्मत्वं तत्र-तत्र सान्तानिककर्मत्वम् इसी प्रकार यत्र-यत्र सान्तानिक कर्मत्वं तत्र-तत्र प्रवाहिककर्मत्वम्। जैसे प्राणियों की चेष्टा रूपी कर्म यदि आत्मसमवेत प्रयत्न से उत्पन्न होता है तो वह प्रयत्न कैसे उत्पन्न होता यदि कहा जाय की इच्छा से तो इच्छा कैसे उत्पन्न है? इच्छा का कारण यदि ज्ञान है तो ज्ञान के रहने पर भी कभी इच्छा उत्पन्न होती है कभी नहीं, इससे ज्ञान को कारण नहीं मान सकते व्यभिचार दोष होने के कारण। इसी प्रकार सृष्टि के प्रारम्भ में बल जनित कर्म की प्रवृत्ति का हेतु क्या है? इसका निर्धारण करना कठिन है। सान्तानिक कर्मों के आदि और अन्त दोनों माने जाते हैं इसलिए वह अनित्य है। बल या कर्म का अन्य धर्म अन्य कर्म का साधक या प्रतिबन्धक होता है। ज्योति स्वरूप में विद्यमान रस प्रतिष्ठित होते हुए भी अशनाया के द्वारा अन्यत्र गमन करता है। वह उत्क्रमण अशनाया का ही होता है। रस तो व्यापक होने के कारण सर्वत्र विद्यमान है। जैसे सर्वत्र विद्यमान आकाश में वायु जहाँ भी जाती है वहाँ पर आकाश रहता ही है, वैसे ही मृत्यु सदा अमृत स्वरूप ब्रह्म में ही रहती है। मृत्यु के उत्क्रान्त होने पर भी ब्रह्म से परित्यक्त नहीं होता है।

---

1. तदेव पृ. 449 ।।61।।
2. तदेव पृ. 449 ।।62।।

**कर्मबन्ध**

स्वल्पाशनाया रसगाप्यपूर्णा नित्यं रसायोत्क्रमते परस्मै।
तावद्रसं प्राप्य निवर्तमाना पुना रसायोत्क्रमते परस्मै।।[1]

संप्राप्य संप्राप्य रसं निवर्तते तस्यानिवृत्तौ स रसोऽवशिष्यते।
आत्मन्वितामेति न यावदुत्क्रमे तावद् वृथैवोत्क्रमते निवर्तते।।[2]

यथा तरङ्गा उदके भवन्तो वृथैव नाशं परियन्ति भूयः।
वाय्वम्बुवन्धेन तु फेनभूता आत्मान्विनः पोषकृतः प्लवन्ते।।[3]

सग्रन्थिबन्धेन तथा कृतात्मतां गताः स्ववृद्ध्यै प्रभवन्ति ते पुनः।
मृत्युत्क्रमाः प्राप्य रसं मुहुः क्रमादपूर्णमात्मानमिवाभरन्ति हि।।[4]

पूर्णं पुरा बन्धगतं च पूर्णं पूर्णात्पुनः पूर्णमुदच्यते तत्।
पूर्णस्य पूर्णं परिगृह्यते चेदन्तेऽवशिष्येत तदेव पूर्णम्।।[5]

अशनाया स्वभावतः अत्यल्प होती है रस से संयुक्त होने पर भी अपूर्ण ही रहती है। अन्य रस की प्राप्ति हेतु नित्य उत्क्रमण करती रहती है। बार-बार रस में प्रविष्ट होकर उत्क्रमण अशनाया के करने पर भी रस के व्यापकत्व का नाश नहीं होता है वह पूर्ण ही रहता है। अशनाया बल के बार-बार उत्क्रान्त करने पर भी उसकी पूर्णता नहीं हो पाती। रस पूर्ण रूप से विद्यमान रहता है।

इच्छाशक्ति प्रकरण में अशनाया को दर्शित किया गया है वह अपूर्ण होती है। वह अपनी अपूर्णता से रस को भी सीमाबद्ध प्रतिभासित करती है। अशनाया स्वपूर्णता हेतु रसग्रहण के लिए उत्क्रमण करती है। जिस रस को अधिष्ठान बना लेती है उसमें अन्य रस को लाकर जोड़ देती है। रस तो एक ही रूप रहता है। परन्तु मायारूप बल परिच्छेद करके उसमें भेद कर देती है। उत्क्रान्त होकर आशनाया रस पाकर लौट आती है। आक्रमण द्वारा प्राप्त अन्य रस को स्वाधारित रस में युक्त कर लेती है। मधुमक्खी के समान बार-बार प्रवृत्त होकर रस को प्राप्त कर निवृत्त होना इसका स्वभाव है। जल में तरङ्ग का उठना तथा नष्ट होना यही उसकी निष्फलता है। जब जल के तरङ्गों को वायु अपने आवरण में ले लेता है तब वायु एवं जल घर्षण से तरङ्ग फेन को उत्पन्न करता है यही उसकी सफलता है। वह फेन जल का पोषक होता है। इसी प्रकार फेन को उत्पन्न करने वाले वायु के बन्ध प्रकार जो कि बल के बन्ध हैं वे ग्रन्थि युक्त बन्ध कहे जाते हैं। इनके द्वारा घिरा हुआ रस आत्मा शब्द से कहा जाता है। इसी को आत्मविशिष्ट आत्मवान् शब्द से व्यवहृत

1. तदेव पृ. 452 ।।66।।
2. तदेव पृ. 452 ।।67।।
3. तदेव पृ. 452 ।।68।।
4. तदेव पृ. 452 ।।69।।

होता है। जैसे फेन की दशा में अन्य बल की प्रवृत्ति होने पर वायु आदि के संघर्ष से चिकनी मिट्टी बालू आदि उत्पन्न होते हैं। इसी क्रम से पृथिवी आदि की उत्पत्ति होती है। मृत्यु बल के क्रमिक विकास को पाकर अपूर्ण आत्मा को परिपूर्ण करते हैं। अर्थात् नये-नये पदार्थों को उत्पन्न करके नाना रूपत्व द्वारा निज महत्त्व को दर्शित करते हैं। बल द्वारा बन्धन के पूर्व रस पूर्ण रहता है। बन्धन में भी पूर्ण रहता है। उस पूर्ण पदार्थ से पूर्ण पदार्थ का उदय होता है। बन्धन आये हुए रस की व्यापकता का बुद्धि में ज्ञान हो जाय तो अन्त में वह बन्धनहीन स्वतन्त्र पूर्ण ही अवशिष्ट रहता है। अर्थात् सीमाभाव में आगत सभी भावों का एकीकरण करके यदि बुद्धि में निवेश कर दिया जाय तो व्यापकत्व का भाव जागृत हो जाता है। जैस निर्विशेष ब्रह्म बुद्धिगम्य नहीं होता है वैसे ही अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड में परिसीमित को भी एक करके बुद्धि में सन्निविष्ट नहीं किया जा सकता है। नि:सीम या अतिसीम होने के कारण वह ब्रह्म पूर्ण ही रहता है।

**मात्राविशेषात्त्वमृते स मृत्युः संसृज्यते ग्रन्थिरिहोदितः सः।**
**तत्कर्मबध्नाति नु बुध्यते नु तत्कर्मबद्धं मतमत्र मर्त्यम्॥[1]**

**उत्क्रम्य वायुः स यथोदकेऽस्मिन्नाबध्यते तेन विभाति फेनः।**
**आबध्यते ब्रह्मणि कर्म तद्वत् तन्मर्त्यमेतत् प्रतिभाति विश्वम्॥[2]**

बल मात्रा से परिच्छिन्न सीमित होता है। जैसे तरङ्ग जल को बाधता है वैसे ही मृत्यु स्वरूप बल रस को सीमाभाव में सम्पादित करता हुआ रस से सम्बद्ध होता है तो उसे ग्रन्थि नाम से कहा जाता है। कर्म ही बाधता है, कर्म ही बाँधा जाता है कर्म की ही कर्मान्तर से ग्रन्थि पड़ती है यह ही सर्वत्र होता है। कर्म मर्त्यशील है वैसे ही कर्मबद्ध भी कर्म से उत्पन्न अपूर्व भी मरणशील है वैसे ही कर्मबद्ध भी कर्म से उत्पन्न अपूर्व भी मरणशील है जो नामरूपविशिष्ट है। उत्क्रमणशील वायु जैसे जल में पूरी तरह से बाध दिया जाता है उसको फेन कहते हैं। इसी प्रकार ब्रह्म में कर्म का पूर्ण रूप से बन्धन कर दिया जाता है। रस से सम्बद्ध वह कर्म मरणशील इस विश्व के द्वार के रूप में भासित होता है। कर्मबन्ध से इस जगत् की उत्पत्ति होती है यह जगत् भी मरणशील ही है।

सान्तानिक-कर्म प्ररोह के समान वृद्धि वाला होता है उसकी वृद्धि तीन प्रकार से होती है-

**सान्तानिक कर्म भवेत्प्ररोहवत् तस्य प्ररोहाः प्रभवन्ति हि त्रयः।**
**मूलं च काण्डं च फलञ्च तत्क्रमादिच्छा क्रिया चावरणञ्च कथ्यते॥[3]**

---

1. तदेव पृ. 454 ॥71॥
2. तदेव पृ. 454 ॥72॥
3. तदेव पृ. 454 ॥73॥

मूल, काण्ड और फल में अभिवृद्धि के रूप में इच्छा, क्रिया और आवरण शब्द से कहा जाता है। आवरण को अशनाया कहते हैं।

कुछ विद्वान् मूल के स्थान पर अध्यवसाय को कहते हैं। अध्यवसाय के तीन कोष कहे जाते हैं ज्ञान, अशनाया और कृति। ज्ञान से लोक में इच्छा होती है इच्छा के अनन्तर कृति रूप प्रयत्न होता है। भक्ति से उत्पन्न यह कर्म का प्ररोह वृद्धि रूप ज्ञान, इच्छा आदि में सबमें व्याप्त रहता है। मनुष्य, पक्षी एवं पशु आदि की शरीर की बनावट भिन्न-भिन्न रूपों में पायी जाती है। उसी प्रकार उनकी आत्मा और अध्यवसाय में भेद देखा जाता है।

**सर्व योनिषु कौन्तेय मूर्तयः सम्भवन्ति याः।**
**तासां ब्रह्ममहद्योनिरहं बीजप्रदः पिता।।**[1]

संसार के सभी पदार्थों में अशनाया-इच्छा रहती है। ज्ञान के बिना इच्छा नहीं होती इसलिए पञ्चभूतों से निर्मित इस जगत् में अभिभूत में प्रज्ञा (ज्ञान) भी सर्वत्र रहती है। स्व.पं. मधुसूदन ओझा जी वेदों का अध्ययन करने के अनन्तर संयुक्तिक आस्तिक मुद्रया वेदविज्ञान ग्रन्थ का प्रणयन किया। तदन्तर्गत क्षणिकाधिकरण एवं कर्मबन्धाधिकरण के तथ्यों को यथासम्भव निरूपण करने का प्रयत्न किया है। प्रकृत ग्रन्थ वैज्ञानिक तथ्यों को प्रकाशित करता है।

1. तदेव पृ. 456 ।।73।।

ISSN - 0974-8946
जनवरी-मार्च 2018

शोधप्रभा
वर्षः 43, द्वितीयाङ्कः

# आधुनिक विज्ञान, ताओ दर्शन एवं अद्वैत वेदान्त में Supreme Will एवं Free Will की अवधारणा

श्री देवेन्द्र सिंह राजपूत*

जगत् में समस्त चेतन व अचेतन पदार्थों का व्यवहार परिलक्षित होता है। मनुष्य चेतनस्वरूप व चिन्तनशील प्राणी है। अतः जिज्ञासु प्रवृत्ति होने के कारण ही वह शाश्वत समय से सृष्टि के रहस्यों को समझने की ओर अग्रसर है। इस सृष्टि का स्रष्टा व नियन्ता कौन है? सृष्टि में विद्यमान पदार्थों के व्यवहार का सिद्धान्त क्या है? सर्वोच्च शक्ति कौन है? इत्यादि प्रश्न लम्बे समय से विचार-विमर्श के केन्द्रबिन्दु रहे हैं। इसी विचार-विमर्श के फलस्वरूप दर्शन की अनेक धाराएँ एवं सिद्धान्त विकसित हुए तथा विज्ञान के क्षेत्र में भी इन्हीं आधारों पर अनुसंधान हुए, अतः विज्ञान में भी अनेक मतों के अलग-अलग वर्ग बन गये। इन वर्गों में व्यष्टि और समष्टि केन्द्रित विमर्श होता रहा है। जिससे दो सिद्धान्त हमारे सामने आते हैं, वे हैं–

**(1) Free will व (2) Supreme will**

इनको भिन्न धाराओं में भिन्न-भिन्न नाम दिया गया। Free will को बहुत्ववाद तथा Supreme will को एकत्ववाद कह सकते हैं। दोनों एक दूसरे के विपरीत मत हैं। धर्म के संदर्भ में भी इनका विकास हुआ है। Free will का प्रतिनिधित्व क्रिश्चीयन परम्परा करती है एवं Supreme will का हिन्दू, बौद्ध, ताओ दर्शन और समानिज्म करते हैं। ताओ दर्शन एवं समानिज्म का विस्तार तथा मान्यता पूर्वी एशिया में है। विशेषतः समानिज्म दर्शन कोरिया देश में प्रचलित है।

Free will व्यक्ति-केन्द्रित परम्परा है जो भारतीय दर्शन के कुछ सम्प्रदायों में भी प्रचलित रही है। भारत में न्याय-वैशेषिक एवं चार्वाक दर्शन में तथा पश्चिम में 20वीं शताब्दी तक न्यूटोनियन साइंस या कार्टिजियन थ्योरी में प्रचलित रही। इसके मूलार्थ के अनुसार ब्रह्माण्ड में मनुष्य ही सर्वोच्च प्राणी है, वहीं अपने भाग्य का निर्धारण करता है। उसके लिए ही यह समस्त संसार है, अतः वह उसका उपभोग करेगा। प्रकृति केवल मनुष्य की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए है। मनुष्य ही संसार को चलाता है क्योंकि वह बुद्धिमान् प्राणी है।

Supreme will समुदाय या समष्टि केन्द्रित परम्परा है। इसके अनुसार सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ही सर्वोपरि है, मनुष्य इसका अंशमात्र है। यह विचारधारा भारतीय दर्शन में अद्वैत वेदांत, सांख्य-योग,

---

* शोधछात्र, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

बौद्ध दर्शन में अंगीकृत है। इसी प्रकार पाश्चात्य जगत् में 20वीं शताब्दी बाद आधुनिक विज्ञान (Modern Science) में प्रचलित रही है। इस विचारधारा में एक ही परम सत्ता है, वही सर्वोपरि है, वही सृष्टि का स्रष्टा एवं नियन्ता है, मनुष्य उसका ही विस्तार है। मनुष्य अपने भाग्य का निर्धारण नहीं कर सकता है। संसार की प्रत्येक वस्तु में चेतना है, वस्तुतः परम सत्ता चेतना ही है, यही Supreme Reality है।

सांस्कृतिक पक्ष से Free will को भौतिकवादी संस्कृति एवं Supreme will को आध्यात्मिक संस्कृति कह सकते हैं।

**1- Free will :**

न्यूटोनियन साइंस में इसे Mind–matter dualism (द्वैतवाद) या बहुत्ववाद भी कह सकते हैं। यह परम्परा ग्रीक से शुरु हुई तथा 'रेनेसां' से पहले एवं जब तक चर्च का प्रभाव रहा, तब तक कार्टिजियन थ्योरी प्रभावित रही। डेमोक्रेटस तथा ल्यूसिपस ने। Atomic theory दी। जिसके अनुसार Mind और matter अलग-अलग हैं। विश्व की उत्पत्ति Particle से हुई है, लेकिन उन Particle में द्रव्यमान कहाँ से आता है? यह उल्लिखित नहीं किया गया।

**In "The Tao of Physics" Fritjof Capra says -**

"This led to the concept of the atom, the smallest indivisible unit of matter, which found its clearest expression in the philosophy of Leucippus and Democritus. The Greek atomists drew a clear line between spirit and matter, picturing matter as being made of several 'basic building blocks'. These were purely passive and intrinsically dead particles moving in the void. The cause of their motion was not explained, but was often associated with external forces which were assumed to be of spiritual origin and fundamentally different from matter. In subsequent centuries, this image became an essential element of Western thought, of the dualism between mind and matter, between body and soul."[1]

इसके बाद 17वीं शताब्दी से रेने डेस्कार्ट्स ने Mind & Matter dualism की theory दी। जिसमें Matter को Self से बिल्कुल अलग समझा जाता है। जिसमें mind को ही Conscious मानते हैं एवं matter बिल्कुल dead मानते हैं। इनके मत में I think therefor I exist. (Cagito ergo sum) यही कार्टिजियन विचारधारा है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति अलग-अलग हैं। सबकी आत्मा अलग-अलग है। इनमें अन्तर्सम्वन्ध नहीं है।

17वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से 'आइजक न्यूटन' ने न्यूटोनियन थ्योरी दी तथा dualism का प्रायोगिक परीक्षण किया। 17 वीं शताब्दी और 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक 'मैकेनिज्म न्यूटोनियन मॉडल' प्रभावी रहा। इसे Classical Physics कहते हैं। यह विचारधारा आज भी पाश्चात्य जगत्

1. The Tao of Physics, P.26

और उनके दर्शन पर प्रभाव रखती है।

According to Newton – I have the mind. So I am running this universe.

न्यूटन की थ्योरी के अनुसार भौतिकवाद को बढावा मिला है। मशीनीय संस्कृति की सहायता से व्यक्ति सर्वोपरि हो जाता है। इस सिद्धान्तानुसार संसार का निर्माण परमाणु से हुआ है। तथा देश-काल भी नित्य है। Free will व्यक्ति केन्द्रित पहचान का विचार है। मनुष्य की इच्छा के अनुसार वह कुछ भी कर सकता है। वह संसार को संचालित कर सकता है।

भारतीय ज्ञान परम्परा में न्याय-वैशेषिक दर्शन में भौतिकवाद या Free will सिद्धान्त परिलक्षित होता है। न्याय-वैशेषिक सम्प्रदाय पदार्थवादी और प्रमाणवादी हैं। इस दर्शन में पदार्थों पर बल है, पदार्थ ही नित्य है। वैशेषिक दर्शन का परमाणुवाद का सिद्धान्त प्रसिद्ध है, जिसके अनुसार परमाणु नित्य है। संसार की सभी वस्तुएँ इसी से बनी हैं। परन्तु इन परमाणुओं में संयोग ईश्वर के द्वारा होता है। यह दर्शन भौतिकवाद में विश्वास रखता है, क्योंकि यहाँ पर आत्मा को चेतन नहीं माना है। ज्ञान या चेतना आत्मा का आगंतुक गुण है। आत्मा अनेक हैं तथा सबकी अलग पहचान है। इस दर्शन का विचार भी व्यक्ति केन्द्रित है।

**2. Supreme will :**

आधुनिक विज्ञान में 20वीं शताब्दी बाद आइंसटीन का सापेक्षता का सिद्धान्त प्रकाश में आया। इसके बाद Supreme will में विश्वास होने लगा। तथा न्यूटोनियन थ्योरी को नकारा जाने लगा। आइंसटीन की परम्परा में Erwin Schrodinger, Niles Bohr, Heisenberg आदि आते हैं।

भारतीय परम्परा में तो वैदिक दर्शन से ही Supreme will पर बहुत विचार-विमर्श हुआ है। इसके साथ ही ताओ दर्शन और बौद्ध दर्शन में भी यही सिद्धान्त है। Supreme will से तात्पर्य परमसत्ता से है जो चेतन तत्त्व है एवं सम्पूर्ण विश्व का कारण है। Supreme will को Determinism भी कहते हैं। इसमें "Cause effect relationship" में विश्वास किया जाता है। जिसके अनुसार परमसत्ता ही विश्व का कारण है एवं विश्व इसी का विस्तार है तथा दोनों में अन्त:सम्बन्ध है। इसी सत्ता को भारतीय दर्शन में ब्रह्म, आत्मा, चेतन, पुरुष कहा गया है।

आधुनिक वैज्ञानिकों ने भी उपनिषदों से प्रभावित होकर ब्रह्माण्ड सम्बन्धी समस्त क्रियाकलापों के मूल में एक ही सत्ता को स्वीकारा है। शॉपेनहावर ने उपनिषदों से ही "Unified field theory" दी। वह उपनिषदों से प्रभावित थे।

**Erwin Schrodinger says :**

"I had accepted a post as lecturer in theoretical physics in Czernowitz and had already envisaged spending all my free time acquiring a deeper knowledge of Philosophy,

having just discovered Schopenhauer, who introduced me to The Unified theory of the Upanishads."[1]

उपनिषदों में भी इसी Supreme will के निदर्शन होते हैं। इसमें सब मनुष्य Supreme will से ही संचालित होते हैं तथा वही इसका नियन्ता है। मनुष्य का भाग्य भी उसी से निर्धारित होता है। तृहदारण्यकोपनिषद् में कहा है – जो समस्त भूतों के अन्तर्गत रहकर उनका नियमन करता है, वह तत्त्व आत्मा ही है जिसे अन्तर्यामी या अमृतत्व कहते हैं। चेतना ही वह तत्त्व है जो समस्त भूतों का ज्ञान रखकर उनका नियन्ता भी है – ''यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरो यं पृथिवी न वेद यस्य पृथिवी शरीरं नः पृथिवीमन्तरो यमयत्येषः न आत्मान्वर्याम्यमृतः।''

मैक्स प्लांक ने कहा है कि सृष्टि का आधारभूत कुछ भी नहीं है इसलिये हम कुछ भी निश्चित नहीं कर सकते हैं। हम ब्रह्माण्डीय नियमों से ही संचालित होते हैं। यही चिन्तन केनोपनिषद् में मिलता है – 'ओम् केनेषितं पतति प्रेषितं मनः केन प्राणः प्रथमः प्रैति युङ्क्त।'[2] प्रश्न किया जा रहा है कि इन्द्रियसहित मन बुद्धि आदि का प्रेरक कौन है जिसकी इच्छा से ये समस्त व्यापारवान् होते हैं। इस सम्बन्ध में चेतन अधिष्ठाता से ही उनका समन्वय होता है–

**यच्चक्षुषा न पश्यति येन चक्षूंषि पश्यति।**
**तदेव ब्रह्म तं विद्धि नेदं यदिदमुपासते।।** केनोपनिषद्, 1.6

उसको हम इन्द्रियों की सहायता से नहीं जान सकते बल्कि ये सभी उसी ब्रह्म से प्रेरित होकर अपने-अपने विषयों में व्यापारवान् हैं, वही ब्रह्म है। ब्रह्म ही अन्तिम सत्य है। ब्रह्म से ही Free will का निश्चय होता है। तथा ब्रह्म को ही Supreme will कहा गया है। कौनसा पार्टिकल कब उत्पन्न होगा? यह प्रकृति ही जानती है, मनुष्य नहीं। भारतीय परम्परा में उस चेतन तत्त्व का वर्णन Superlative degree में ही होता है। वही Free will के लिए उत्तरदायी है –

This ultimate reality is always the supreme, almighty or super deterministic, and it is ultimately responsible for the so called free will of man.[3]

शॉपेनहावर भी कहते हैं कि "You can do as you will but you can't will as you will." अर्थात् जैसी हमारी इच्छा हो वह हम कर सकते हैं परन्तु हमारी इच्छा भी इसी सर्वोच्च सत्ता से ही निर्धारित होती है। यही प्रकृति का नियम है।

आइंस्टीन ने इस प्रकृति के नियम या ब्रह्माण्डीय नियम को एक संगीतीय तंत्र कहा है क्योंकि यह हमें खुशियाँ देता है। और खुशियाँ एकत्व में हैं, अनेकत्व या पार्टिकल में दुःख है। यही पूर्वी संस्कृति तथा दर्शन की विशेषता रही है। फ्टिजफ कापरा के अनुसार – "The Eastern

1. What is life, p. 169
2. केनोपनिषद्, 1.1
3. Holistic Science and Vendanta, p.62

view of the world is organic; for the eastern mystic, all things and events perceived by the senses are interrelated, connected and are but different aspects or manifestations of the same ultimate reality."[1]

Supreme will समाज और उसके परस्पर सम्बन्धों में विश्वास करती है। इसी विचार को फ्टिजफ कापरा कहते हैं –

"The highest aim for their followers whether they are Hindus, Buddhists or Taoists&is to become aware of the unity and mutual interrelation of all things, to transcend the notion of an isolated individual self and to identify themselves with the ultimate reality. The emergence of this awareness-known as 'enlightenment'- is not only an intellectual act but is an experience which involves the whole person and is religious in its ultimate nature."[2]

इरविन स्रिडिन्जर भी उपनिषदों में इसी Supreme will को बताते हुए कहते हैं कि चेतन तत्त्व ही प्रत्येक व्यक्ति में है। इसे omnipresent कहा है।-

From the early great Upanishad the recognition ATMAN=BRAHMAN (the personal self-equals the omnipresent, all comprehending eternal self) was in Indian thought considered, far from being blasphemous to represent the quintessence of deepest insight into the happenings of the world.[3]

Supreme Reality एक है, अनेक नहीं। तथा अनुभव से भी इसे एक ही माना गया है।

Erwin Schrodinger- Consciousness is never experienced in the plural, only in the singular.[4]

उपनिषदों में इसे 'एकमेवाद्वितीयम्' कहा है। वह अद्वैत तत्त्व है –

**एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।**
**कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेतो केवलो निर्गुणश्च।।**[5]

### 3. प्रासंगिकता

आधुनिक समाज आज भी दोनों धाराओं Free will और Supreme will का प्रतिनिधित्व मिलता है। विज्ञान एवं दर्शन की दृष्टि से Supreme will ही प्रासंगिक है क्योंकि न्यूटोनियन थ्योरी को नकार कर आज आधुनिक भौतिक विज्ञान में विश्वास किया जा रहा है। इस सिद्धान्त के द्वारा

1. The tao of Physics, p.29
2. The tao of Physics, p.29
3. What is life? p. 87
4. What is Life? p.87
5. श्वेताश्वतरोपनिषद्

ही धारणीय विकास सम्भव है। इसके तत्त्व वैदिक दर्शन, उपनिषदों एवं वेदांत में मिलते हैं। वस्तुतः इसके मूल में भारतीय परम्परा है।

कापरा कहते हैं - The organic, 'ecological' world view of the Eastern philosophies is no doubt one of the main reasons for the immense popularity they have recently gained in the West.[1]

इसी Supreme will को 'Dance of Shiva' के प्रतीक के रूप में मानते हैं, जिससे सृष्टि उत्पन्न होती है एवं इसी में विलीन होती है। यही ब्रह्माण्ड का नियम है। इसे ऋग्वेद में ऋत की अवधारणा कहा है जो सबको नियंत्रित करता है। श्रीकृष्ण भी गीता में कहते हैं - गामाविस्य च भूतानि धारयामि अहं ओजसा।[2]

Supreme Will में विश्वास करने में ही सुख व प्रसन्नता है।[3] आज पाश्चात्यानुसरण से ही विभेदकारी (separation) दृष्टिकोण आ रही है। परिवार टूट रहे हैं, साम्प्रदायिकता की भावना, अन्तर्सम्बन्धों में अविश्वास इत्यादि समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं। Free Will की Identity के कारण ही अनेक वैश्विक समस्याएं यथा- वैश्विक तापन, प्राकृतिक आवासों का विखण्डन, जैव विविधता को खतरा, अपशिष्ट के कारण तालाब, नदी व समुद्र में प्रदूषण, सामाजिक व राजनीतिक जीवन में अविश्वास, भ्रष्टाचार इत्यादि उत्पन्न हो रही हैं। जबकि Supreme Will में अन्तर्सम्बन्ध (Inter-relativity) व अन्तर्निरभरता (Inter-dependency) पर केन्द्रित है। एक के दुःख का कारण व प्रभाव सभी पर होगा। इन्द्रियों की सीमितता से दुःख है, व्यापकता में सुख है। इस सत्ता का केवल अनुभव किया जा सकता है। आचार्य शंकर भी कहते हैं - अनुभवं हि तदन्त्यम् प्रमाणं। Nature को ही Free Will माना है।

Free Will के सम्बन्ध में Fritjorf Capara कहते हैं-

It has brought a grossly unjust distribution of natural resources creating economic and political disorder; an ever rising wave of violence, both spontaneous and institutionalized, and an ugly, polluted environment in which life has often become physically and mentally unhealthy.

भौतिक विचारधारा के कारण ही पर्यावरण की हानि हो रही है, क्योंकि इसमें प्रकृति का शोषण किया जाता है, जिसे पाश्चात्य जगत् में विकास जैसे शब्द से अभिहित करते हैं। इन समस्याओं के निवारणार्थ Supreme will को अपनाना होगा। जिससे सम्पूर्ण विश्व एक हो।

---

1. The tao of Physics, p.30
2. श्रीमद्भगवद्गीता, 15.13
3. भूमा वै सुखम्, छान्दोग्योपनिषद् 7.23.1

ISSN - 0974-8946
जनवरी-मार्च 2018



# संस्कृत वाङ्मय में फॉरेन्सिक-विज्ञान का बीज

डॉ. नौनिहाल गौतम*

विश्व में भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत और संस्कृति के कारण है। संस्कृति के तत्त्वों का निरूपण संस्कृत भाषा में होने से इसका महत्त्व और भी अधिक हो जाता है। संस्कृत भाषा में वर्तमान वेदों को ही ज्ञान-विज्ञान की समस्त धाराओं का मूलस्रोत कहा गया है- 'सर्वज्ञानमयो हि सः'[1]।

वेदों का उपबृंहण करने वाले पुराण भी ज्ञान के भण्डार हैं। लौकिक संस्कृत साहित्य भी विभिन्न शास्त्रों के ज्ञान से युक्त होता है। जैसा कि काव्य-कारण के निरूपण में मम्मट कहते हैं-

''लोकस्य स्थावरजङ्गमात्मकस्य लोकवृत्तस्य शास्त्राणां छन्दोव्याकरणाभिधान-कोश-कला-चतुर्वर्गगजतुरगखड्गादिलक्षणग्रन्थानां काव्यानां च महाकविसम्बन्धिनाम् आदिग्रहणादितिसादीनां च विमर्शनाद् व्युत्पत्तिः।''[2]

इस प्रकार सम्पूर्ण संस्कृतवाङ्मय ज्ञान-विज्ञान से परिपूर्ण है। वर्तमान में प्रचलित विज्ञान की विभिन्न धाराएँ या तो पूर्ण रूप से या फिर बीज रूप में संस्कृत में विद्यमान हैं। ऐसी ही एक विशेष शाखा है- फॉरेन्सिक/न्यायिक विज्ञान (Forensic Science)। इसको परिभाषित करते हुए प्रो. जे.डी. शर्मा ने लिखा है, ''यह वह विज्ञान है जिसमें विभिन्न विज्ञानों के ज्ञान का उपयोग कानून के प्रयोजन के लिए किया जाता है।''[3]

आधुनिक विद्वान् भारत में फॉरेन्सिक-विज्ञान का प्रचलन 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में मानते हैं। जैसा कि स्पष्ट होता है- "Development of Scientific Institutions assisting Crime . . . in the Second Half of the 19th Century."[4]

---

* सहायकप्राध्यापक, संस्कृतविभाग, डॉ. हरीसिंहगौरविश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) 470003

1. मनुस्मृति 2/7
2. काव्यप्रकाश 1/3 वृत्ति
3. विधिविज्ञान एवं विष समावेशिका - डॉ. जे.डी. शर्मा, पृ.1।
4. Forensic Science in Investigation of Crime – Dr. S. Subramanian – S. Gogila & Company, Hyderabad, 2007, p.9.

किन्तु यह बात फॉरेन्सिक-विज्ञान के केवल आधुनिक रूप के लिये सही है क्योंकि इसके बीज तो प्राचीन संस्कृत साहित्य में विद्यमान हैं।

मानव में सत्त्व, रजस् तथा तमस् गुणों की उपस्थिति होने से उसमें तमोगुण के कारण अपराध की प्रवृत्ति स्वाभाविक है। इसके साथ ही अपराधी का अन्वेषण और दण्डविधान की पद्धति का होना भी आवश्यक हो जाता है। जैसा कि रघुवंश में कहा गया है- ''यथाऽपराधदण्डानाम्''[1]

अपराधी के विरुद्ध तर्कों को उपस्थित कर अपराध सिद्ध करने में दर्शनों में स्वीकृत प्रमाणों की भूमिका उल्लेखनीय है। प्रथमतः सावधानीपूर्वक निरीक्षण द्वारा जाने गये अपराध में प्रत्यक्ष ही प्रमाण है। प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण है - **''प्रतिविषयाध्यवसायो दृष्टम्''**[2]

इसी प्रकार की विधि पाणिनि के निम्नलिखित सूत्र में जान पड़ती है- **''इत्थम्भूतलक्षणे''**[3]

इसकी व्याख्या में भट्टोजिदीक्षित लिखते हैं कि 'किञ्चित्प्रकारं प्राप्तस्य लक्षणे तृतीया स्यात्। जटाभिस्तापसः'। जटाज्ञाप्यतापसत्वविशिष्ट इत्यर्थः। अर्थात् प्रत्यक्ष लक्षण जटाओं को देखकर सन्यासी का ज्ञान कर लिया जाता है। इसका उदाहरण संस्कृत नाटक मुद्राराक्षस में देखा जा सकता है जहाँ चाणक्य ने भात के कणों को लेकर जाती हुई चींटियों को देखकर अपराधियों का पता लगा लिया था-

''विराधगुप्तः- प्राक् चन्द्रगुप्तप्रवेशाच्छयनगृहं प्रविष्टमात्रेणैव निपुणमवलोकयता दुरात्मना चाणक्यहतकेन कस्माच्चिद् भित्तिच्छिद्राद् गृहीतभक्तावयवां निष्क्रामन्तीं पिपीलिकापङ्क्तिमवलोक्य पुरुषगर्भमेतद् गृहमिति गृहीतार्थेन दाहितं तच्छयनगृहम्।''[4]

प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्धि न होने पर त्रिविध अनुमान प्रमाण का आश्रय लिया जाता है। इनमें से शेषवत् प्रमाण अनुमान प्रमाण का वह भेद है जिसमें (शेष=बचे) कार्य को देखकर कारण का ज्ञान किया जाता है। इसमें अपराधी द्वारा घटनास्थल पर छोड़े गये साक्ष्य के आधार पर उसका पता लगाया जाता है। इसी बात को वैज्ञानिक एडमण्ड लोकार्ड ने ''विनिमय का सिद्धान्त (Principle of Exchange)''[5] नाम से प्रस्तुत किया है।

अपराधों के अन्वेषण या फॉरेन्सिक-विज्ञान का प्रारम्भिक उदाहरण ऋग्वेद के सरमा-पणि संवादसूक्त (मण्डल 10- सूक्त 108) में प्राप्त होता है। जहाँ इन्द्र की पालतू तथा प्रशिक्षित कुतिया

1. रघुवंश 1/6
2. सांख्यकारिका, कारिका-5
3. अष्टाध्यायी 2/3/21
4. मुद्राराक्षस श्लोक 16 से पूर्व गद्य
5. न्यायालयिक विज्ञान एवं अपराध अनुसंधान - डॉ. बी.पी. मैथिल, सेलेक्टिव एण्ड साइण्टिफिक बुक्स, दिल्ली 2009, पृ.25

(सरमा) वर्तमान समय के खोजी कुत्तों (Sniffer Dogs) की तरह पर्वतों के बीच सुरक्षित स्थान पर घेर कर रखी गयी गायों का पता लगा लेती है। तद्यथा-

**अयं निधिः सरमे अद्रिबुध्नो गोभिरश्वेभिर्वसुभिर्न्यृष्टः।**
**रक्षन्ति तं पणयो ये सुगोपा रेकु पदमलकमा जगन्थ॥[1]**

वस्तुतः इन खोजी कुत्तों (Sniffer Dogs) में उच्च घ्राण शक्ति (Oldactorylobe) का विकास कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है।

गन्ध द्वारा खोज का ही एक अन्य उदाहरण वराह भगवान् द्वारा पृथ्वी का पता लगाने का है। तद्यथा- **घ्राणेन पृथ्व्याः पदवीं विजिघ्रन् क्रोडापदेशः स्वयमध्वराङ्गः।[2]**

फॉरेन्सिक-विज्ञान अनपराधी को दोषमुक्त भी सिद्ध करता है। इसका एक पौराणिक उदाहरण है-श्रीकृष्ण द्वारा अपने ऊपर लगे स्यमन्तकमणि की चोरी के आरोप को निराधार सिद्ध करना। वे अपने ऊपर लगे आरोप को गलत सिद्ध करने के लिए मणिधारण करके गये प्रसेन को मार्ग भर खोजते हुए वहीं पहुँच गये जहाँ वह मरा पड़ा था तथा उसका घोड़ा भी मरा पड़ा था। वहीं आस-पास उन्होंने घातक सिंह को भी मरा पड़ा देखा। तब वे परिस्थिति-जन्य साक्ष्यों के आधार पर जाम्बवान् की गुफा में जाकर मणि वापस लाने में सफल रहे। तद्यथा-

**भगवांस्तदुपश्रुत्य दुर्यशो लिप्तमात्मनि।**
**मार्ष्टुं प्रसेनपदवीमन्वपद्यत नागरैः॥**

**हतं प्रसेनमश्वं च वीक्ष्य केसरिणा वने।**
**तं चाद्रिपृष्ठे निहतमृक्षेण ददृशुर्जनाः॥**

**ऋक्षराजबिलं भीममन्धेन तमसावृतम्।**
**एको विवेश भगवानवस्थाप्य बहिः प्रजाः॥[3]**

इस प्रकार परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर श्रीकृष्ण मणि तक पहुँचने में सफल रहे। इसे वर्तमान फॉरेन्सिक-विज्ञान में 'परिस्थितिजन्य तथ्यों का नियम (Law of Circumstantial Facts)'[4] कहा जाता है।

---

1. ऋग्वेद 10/108/7
2. श्रीमद्भागवत 3/13/28
3. श्रीमद्भागवत 10/56/17-19
4. न्यायालयिक विज्ञान एवं अपराध अनुसंधान, पृ. 26

आधुनिक फॉरेन्सिक-विज्ञान का एक मान्य साक्ष्य अंगुली चिह्न/पदचिह्न (Finger PrintèFoot Print) है। संस्कृतसाहित्य में इसका स्पष्ट उदाहरण महाभारत में है। जब कौरवों के मारे जाने पर दुर्योधन बीच में ही युद्ध छोड़कर तालाब के तल में जा बैठता है तब युधिष्ठिर उसकी खोज करने के लिये विभिन्न उपाय करते हैं। अन्ततः कीचड़ में छपे उसके पदचिह्नों को देखकर उसका पता लग जाता है। तद्यथा -

**पङ्के वा सैकते वा सुनिभृतपदवीवेदिनो यान्तु दाशाः**
**कक्षेषु क्षुण्णवीरुक्चियपरिचया वल्लवाः सञ्चरन्तु।**
**नागव्याघ्राटवीषु श्वपचपुरविदो ये च रन्ध्रेष्वभिज्ञाः**
**ये सिद्धव्यञ्जना वा प्रतिमुनिनिलयं ते च चाराश्चरन्तु॥**[1]

"सर्वे वयं तमेव पुरुषं पुरस्कृत्य गत्वा च सरस्तीरं परिज्ञायमानसुयोधनपदलाञ्छनां पदवीमासाद्य ...."[2]

इससे स्पष्टरूप से ज्ञात होता है कि उस समय पदचिह्न के जानकार लोग थे तथा प्रत्येक व्यक्ति के पदचिह्न भिन्न होते हैं, यह ज्ञान भी था। पदचिह्न से अपराधी को पकड़ने का उल्लेख कौटिलीय अर्थशास्त्र में भी है। तद्यथा- **"पांसुपिच्छिलेषु तुल्यपादपदनिक्षेपम्"**[3]

यद्यपि पूर्व में केवल नर्म सतह (कीचड़, रेत, मिट्टी आदि) पर ही पदचिह्न प्राप्त होने का वर्णन मिलता है जबकि वर्तमान में कठोर तथा चल सतहों से भी चिह्न प्राप्त किये जा सकते हैं किन्तु अंगुलिचिह्न तथा पदचिह्न अद्वितीय होते हैं यह आधुनिक फॉरेन्सिक-वैज्ञानिक भी एक मत से स्वीकार करते हैं। तद्यथा- "It is well established scientifically that foot prints also have unique characteristics and can not be duplicated."[4]

इसे ही "वैयक्तिकता का नियम (Law of Individuality)"[5] कहा गया है।

इस प्रकार संस्कृतवाङ्मय के वैदिक, पौराणिक, दृश्य, श्रव्य तथा अन्य भागों में अनेक स्थानों पर फॉरेन्सिक-विज्ञान के सिद्धान्त तथा उदाहरण दृष्टिगोचर होते हैं। इन सब ग्रन्थों में कौटिलीय अर्थशास्त्र विशेष महत्त्वपूर्ण है। इसके कण्टकशोधन नामक चतुर्थ अधिकरण के आशुमृतकपरीक्षा नामक सप्तम अध्याय में मृतक के शरीर को देखकर हत्या के कारणों का पता

1. वेणीसंहार 6/2
2. वेणीसंहार 6/7 से पूर्व गद्य
3. अर्थशास्त्र/कौटिल्य - चतुर्थ अधिकरण/षष्ठ अध्याय
4. Forensic Science in investigation of Crime, p.77
5. Forensic Science in Criminal Investigation and Trials – Dr. B.R. Sharma, Universal Law Publ. Co. Pvt. Ltd., New Delhi 2011, p.14.

लगाने का वर्णन है। जैसे- जिसका मल-मूत्र निकल गया हो, पेट में हवा भर गयी हो, हाथ-पैर सूज गये हों, आँखें खुली हों और गले में निशान पड़ गये हों तो उसे गला घोंटकर मारा गया जानना चाहिए। तद्यथा-

"निष्कीर्णमूत्रपुरीषं वातपूर्णकोष्ठत्वक्कं शूनपादपाणिमुन्मीलिताक्षं सव्यञ्जनकण्ठं पीडननिरुद्धोच्छ्वासहतं विद्यात्"[1]

इसी प्रकार इसमें चोरी आदि करने वाले अपराधियों का पता लगाने की विधियों का विस्तृत वर्णन है जिसके लिए स्वतन्त्र तथा विस्तृत शोध की आवश्यकता है।

निष्कर्ष यह है कि विज्ञान की अन्य शाखाओं की तरह ही फॉरेन्सिक-विज्ञान के भी बीज (आधार) संस्कृत में विद्यमान हैं किन्तु उस ज्ञान को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। जैसा कि पूर्व राष्ट्रपति प्रोफेसर कलाम ने कहा है- "Ancient Sanskrit Literature is storehouse of scientific principles & methodology. The work of our ancient scholars should be thoroughly examined and where possible integrated with modern science."[2]

1. अर्थशास्त्र/कौटिल्य - अधिकरण 4/अध्याय 7/पङ्क्ति 2
2. Ignited minds – A.P.J. Abdulkalam, p.87.

ISSN - 0974-8946
जनवरी-मार्च 2018

शोधप्रभा
वर्ष: 43, द्वितीयाङ्क:

# जैन योग एवं पातञ्जल योग का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. कुलदीप कुमार*

भारतीय दार्शनिक परम्परा वैदिक व अवैदिक इन दो भागों में विभक्त है। सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदान्त- ये छह वैदिक दर्शन तथा चार्वाक, जैन और बौद्ध ये तीन अवैदिक दर्शन कहे जाते हैं। इन सभी दर्शनों की अपनी-अपनी मौलिक विचारधाराएं हैं, लेकिन अन्तिम लक्ष्य के रूप में सभी 'मोक्ष' को स्वीकार करती हैं। मोक्ष प्राप्ति के लिए सम्भवत: सभी एकस्वर से योग को ही सर्वोत्तम उपाय के रूप में स्वीकार करते हैं। चतुर्गतिरूप भवभ्रमण से तापित जीवों के समस्त सन्तापों को दूर कर आत्मा को परमात्मा से मिलाने में योग भक्ति और ज्ञान साधना का मुख्य सहायक है। योग की परम्परा तो भारतीय जीवन दर्शन में अनादिकाल से 'निर्झर इव' अजस्र प्रवहमान है और भविष्य में भी इसी प्रकार प्रवाहमान रहेगी, परन्तु योगदर्शन को लिपिबद्ध कर शास्त्र रूप में प्रस्तुत करने का श्रेय महर्षि पतञ्जलि को है। अत: योगदर्शन महर्षि पतञ्जलि के द्वारा निबद्ध योगसूत्रों का ही अपरनाम है। योगसूत्र में महर्षि पतञ्जलि ने आत्मसाक्षात्कार और उसके उपायों की गूढ़-गंभीर चर्चा प्रस्तुत की है और ये ही योग का मूल उद्देश्य है, लेकिन वर्तमान में देखा जा रहा है कि मूल की भूल बहुत अधिक हो रही है, जिसके फलस्वरूप भारतीय संस्कृति का मूलमन्त्र 'योग' से उच्चारण में 'योगा' बन गया है, जोकि एक चिन्तनीय विषय है।

जैनाचार्यों ने भी अपने सिद्धांतानुसार जैनसाधना पद्धति का जैनयोग के रूप में गूढ़ एवं गंभीर वर्णन किया गया है तथा जैनयोग सम्बन्धी शताधिक ग्रंथों की रचना की है। उक्त दोनों परम्पराओं के योग सम्बन्धी साहित्य का अन्त: अवगाहन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों परम्पराओं में कहीं साम्य तो कहीं वैषम्य स्पष्ट दिखाई देता है। तथा कहीं-कहीं साम्य या वैषम्य होने पर भी जैनाचार्य अपना मौलिक एवं स्वतंत्र दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करते हैं।

वर्गीकरण की दृष्टि से उक्त दोनों परम्पराओं में मुख्यतया तीन प्रकार की समानता दृष्टिगोचर होती है-

1. शब्द साम्य
2. विषय साम्य

* सहायकाचार्य जैनदर्शन विभाग, श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।

3. प्रक्रिया साम्य

योगसूत्र एवं योगभाष्य में कई ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिनका जैनदर्शन और जैनागमों के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं प्रयोग नहीं मिलता, यथा-

भवप्रत्यय[1], सवितर्क-सविचार[2], महाव्रत[3], कृतकारित-अनुमोदित[4], प्रकाशावरण[5] (जैनागमों में प्रकाशावरण के स्थान पर ज्ञानावरण शब्द का प्रयोग किया गया है), सोपक्रम-निरुपक्रम,[6] वज्रसंहनन[7] (जैनागमों में वज्र ऋषभनाराच संहनन शब्द मिलता है), केवली[8], कुशल[9], ज्ञानावरणीयकर्म[10], सम्यग्ज्ञान[11], सम्यग्दर्शन[12], सर्वज्ञ[13], क्षीणक्लेश[14] (जैनागमों में क्षीणमोह, क्षीणकषाय का प्रयोग किया गया है), चरमदेह[15], इत्यादि ऐसे शब्द हैं जो दोनों परम्पराओं में उपलब्ध होते हैं।

योग शब्द संस्कृत की युज् धातु में घञ् प्रत्यय लगाने से निष्पन्न हुआ है। जिसका एक अर्थ है-मिलना, जोड़ना या संयुक्त करना[16] तथा दूसरा अर्थ है- समाधि[17]। भारतीय योग परम्परा में 'योग' शब्द का प्रयोग उक्त दोनों अर्थों में किया गया है। जैनाचार्यों ने भी योग शब्द को 'जोड़ने' व 'समाधि' दोनों अर्थों में स्वीकृत किया है। जैनमतानुसार योग, समाधि, शुद्धोपयोग, आत्मलीनता, सम्यक् प्रणिधान, ध्यान, चित्तैकाग्रता, चित्तनिरोध, धीरोध, स्वान्तनिग्रह, अन्तःसंलीनता, स्वास्थ्य, आत्मसाक्षात्कार, निजस्वरूप में रमण, आत्मानुभूति और साम्य आदि ये सभी एकार्थवाचक हैं।[18]

---

1. पातञ्जलयोगसूत्र- 1/19, तत्त्वार्थसूत्र- 1/22, नन्दीसूत्र-7 स्थानांगसूत्र- 2/171
2. पातञ्जलयोगसूत्र- 1/42-44, तत्त्वार्थसूत्र- 9/43-44, स्थानांगसूत्रवृत्ति- 4/1/247
3. पातञ्जलयोगसूत्र- 2/31, स्थानांगसूत्र- 5/1/389, तत्त्वार्थसूत्र- 7/2
4. पातञ्जलयोगसूत्र- 2/31, तत्त्वार्थसूत्र- 6/9, यशवैकालिक अध्ययन- 4
5. पातञ्जलयोगसूत्र- 2/52,3/43, तत्त्वार्थसूत्र- 6/ भगवतीसूत्र- 8/9/75-76
6. पातञ्जलयोगसूत्र- 3/22, तत्त्वार्थसूत्र भाष्य- 2/52,
7. पातञ्जलयोगसूत्र- 3/46, तत्त्वार्थसूत्र भाष्य- 8/12
8. पातञ्जलयोगसूत्र भाष्य- 2/27, तत्त्वार्थसूत्र- 6/14
9. पातञ्जलयोगसूत्र- सूत्र- 2/27, दशवैकालिक निर्युक्ति गाथा- 186
10. पातञ्जलयोगसूत्र सूत्र भाष्य- 2/51, उत्तराध्ययनसूत्र- 33/2
11. पातञ्जलयोगसूत्र सूत्र भाष्य- 2/28, तत्त्वार्थसूत्र- 1/1
12. पातञ्जलयोगसूत्र सूत्र भाष्य- 4/15, तत्त्वार्थसूत्र- 1/1
13. पातञ्जलयोगसूत्र सूत्र भाष्य- 3/49, तत्त्वार्थसूत्र भाष्य 3/39
14. पातञ्जलयोगसूत्र सूत्र भाष्य- 1/4, तत्त्वार्थसूत्र भाष्य 9/38
15. पातञ्जलयोगसूत्र सूत्र भाष्य- 2/4, तत्त्वार्थसूत्र भाष्य 2/52
16. पाणिनीय धातु पाठ- 7/7
17. पाणिनीय धातु पाठ- 4/64
18. (क) योगोध्यानं समाधिश्च, धीरोधः स्वान्निग्रहः।
 अन्तासंलीनता चेति तत्पर्यायाः स्मृता बुधौः
 (ख) आचार्य पूज्यपाद, सर्वार्थसिद्धि- 6/12

महर्षि पतञ्जलि ने चित्तवृत्ति के निरोध को योग बतलाया है, यथा- **'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।'**[1]

जैनागमों में कर्मों के अभाव(बंधनाभाव) को तथा आस्रव के निरोध को ही चित्तवृत्ति निरोध बतलाया है।[2] वस्तुतः जैनागमों में मन, वचन और काय की प्रवृत्ति को ही योग बतलाया गया है, यथा- **'कायवाङ्मनः कर्मयोगः।'**[3] यह प्रवृत्ति शुभ और अशुभ दो प्रकार की होती है। जैनागमों में इस प्रवृत्ति को ही आस्रव तथा आस्रव के निरोध को संवर बतलाया है, यथा- **'आस्रवनिरोधसम्वरः'।**[4] इस प्रकार संवर को पातञ्जलयोगसूत्र में प्रयुक्त 'योग' शब्द का पर्याय कहा जा सकता है। इसी प्रकार समाधि, तप, ध्यान आदि शब्दों का प्रयोग भी योग के पर्यायवाची अर्थ में हुआ है तथा ये योग साधना पद्धति के महत्त्वपूर्ण एवं समर्थ अंग भी हैं। जैन योग में तप का महत्त्वपूर्ण स्थान है। तप वह प्रक्रिया है जिससे बद्ध कर्म नष्ट हो जाते हैं। तप के द्वारा मानसिक व शारीरिक विकारों का क्षय होता है जिससे स्वतः चित्तवृत्तियाँ निरुद्ध हो जाती हैं। इस दृष्टि से जैनागमों में प्रतिपादित तप भी योग के अर्थ को ही अभिव्यक्त करता है। जैनागमों में योग का अर्थ मुख्यतया ध्यान लिया गया है, यथा-

**ध्यानामृतान्नतृप्तस्य क्षान्तियोषिद्रतस्य च।**
**अत्रैव रमते चित्तं योगिनो योगबान्धवे।।**[5]

इसी प्रकार समाधि शब्द का प्रयोग भी योग के अर्थ में हुआ है। क्योंकि समाधि की अवस्था में साधक आत्मस्वरूप में लीन होता है तथा यह क्रिया चित्त की प्रवृत्तियों के निरोध के बिना सम्भव नहीं।

जैन परम्परा में सम्भवतः 'योग' शब्द का योगदर्शन सम्मत अर्थ सर्वप्रथम आचार्य हरिभद्रसूरि ने किया है। उनके मतानुसार मोक्ष-प्रापक धर्म-व्यापार ही योग है, यथा-

**मुक्खेण जोयणाओ जोगोसव्वो धम्मववासे।**[6]

इसी प्रकार आचार्य यशोविजय ने भी हरिभद्रसूरि का ही अनुसरण किया है, यथा-

---

(ग) तत्त्वानुशासनम् श्लोक- 61
(घ) आचार्य शुभचन्द्र, ज्ञानार्णव 22/13/1159

1. महर्षिपतञ्जलि, योगसूत्र 1/1/2
2. (क) तत्त्वार्थसूत्र 9/2
   (ख) तत्त्वसारश्लोक- 32
3. (क) तत्त्वार्थसूत्र 6/1
   (ख) सावयपण्णति (श्रावकप्रज्ञप्ति) गाथा- 79
4. तत्त्वार्थसूत्र 8/1
5. सोमदेवसूरि, उपासकाध्ययन श्लोक- 728
6. योगविंशिका गाथा- 24

**'मोक्षेण योजनादेव योगो ह्यत्र निरुच्यते।'[1]**

तथा कहीं-कहीं पर इन्होंने पञ्च समिति और त्रिगुप्ति को भी योग बतलाया है, यथा-

**यतः समिति गुप्तिना प्रपञ्चौ योगमुत्तमः।[2]**

इन्होनें योगदर्शन में प्रतिपादित योग के लक्षण को अधिक स्पष्ट करने हेतु क्लिष्ट शब्द जोड़कर योग का लक्षण किया है, यथा- 'क्लिष्टचित्तवृत्ति निरोधः'।

तथा इसी को वाचस्पति मिश्रा ने क्लेशादि विरोधी, चित्तवृत्ति निरोध योग बतलाकर दूसरे शब्दों में अभिव्यंजित किया है। आचार्य हेमचन्द्र ने मोक्ष के उपाय रूप योग को ज्ञान, श्रद्धान और चारित्रात्मक बतलाया है, यथा-

**चतुर्वर्गेऽग्रणी मोक्षो, योगस्तस्य च कारणम्।**
**ज्ञानश्रद्धानचारित्ररूपं, रत्नत्रयं च सः।।[3]**

इसी प्रकार आचार्य हेमचन्द्रकृत अभिधान चिन्तामणि में कहा गया है कि-

**'मोक्षोपायो योगो ज्ञानश्रद्धानचारित्रात्मकः'[4]**

तत्त्वार्थसूत्रकार आचार्य उमास्वामी ने सम्यक् दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र को ही मोक्षमार्ग बतलाया है, यथा-

**'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः।'[5]**

इस दृष्टि से हम जैनयोग को अक्लिष्ट वृति का निरोध या मोक्ष में कारणभूत होने वाला निरोध या कर्मो के निमित्त होने आत्मिक प्रदेशों के परिस्पन्दन का जिसमें कषाय एवं मन, वचन, काय की क्रिया भी सम्मिलित हैं, इनका निरोध भी कह सकते हैं।

हम पूर्व में कह चुके हैं कि- पातञ्जलयोगसूत्र में 'योग' शब्द का प्रयोग समाधि अर्थ में भी हुआ है। वहाँ समाधि सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात के भेद से दो प्रकार की बताई गई है। इसका आशय यह है कि- पतञ्जलि के मतानुसार योग के दो भेद हैं। जैन मान्यतानुसार अध्यात्म, भावना, ध्यान, समता और वृत्तिसंक्षय के भेद से योग के पांच प्रकार हैं।

इस सन्दर्भ में आचार्य हरिभद्रसूरि की मान्यता है कि- प्रथम चार प्रकार के योगों में महर्षि पतञ्जलि योग सम्मत सम्प्रज्ञात योग का और पांचवें वृत्तिसंक्षय योग में असम्प्रज्ञात योग का अंतर्भाव

1. योगविंशिकागाथा-
2. योगभेदद्वात्रिंशिका, श्लोक- 30 द्वात्रिंशिकाश्लोक-
3. आचार्य हेमचन्द्र, योगशास्त्रश्लोक- 1/15
4. अभिधानचिन्तामणि 1/77
5. तत्त्वार्थसूत्र1/1

हो जाता है।[1]

आचार्य यशोविजय का मत है कि- उक्त पाँच भेदों में वृत्तिसंक्षय मुख्य है और बाकी चार उसके सहायक हैं। इन्होंने पातञ्जलयोग सम्मत दोनों भेदों का अंतर्भाव वृत्तिसंक्षय में कर दिया है। यह प्रतिपादित करते हुए जैनाचार्यों ने पतञ्जलि की मान्यता 'त्रयमन्तरङ्ग पूर्वेभ्यः, तदपि बहिरङ्ग निर्बीजस्य'[2] का ही समर्थन किया है।

जैनयोग में सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र रूप त्रिविध योग[3] तथा इच्छा, शास्त्र और सामर्थ्य नामक त्रिविध योग[4] का उल्लेख भी उपलब्ध होता है।

पातञ्जलयोगसूत्र में अष्टांगयोग का विस्तृत वर्णन मिलता है जिनमें से प्रथम दो यम व नियम चरित्र निर्माण के साधन है। इनका पालन किए बिना अन्य किसी भी प्रकार से योग साधना सिद्ध नहीं हो सकती। जैनयोग में भी चारित्र अथवा आचार पर विशेष बल दिया गया है। योग की परिपूर्णता एवं सफलता अथवा चारित्र की प्राप्ति के लिए श्रावकों (गृहस्थों) एवं श्रमणों (साधुओं) के आचार-विचार के लिए पृथक्-पृथक् आचार संहिता का विधान किया गया है। आचार्य हेमचन्द्र सूरि ने पतञ्जलि योगसूत्र में प्रतिपादित यम-नियमादि को ही गृहस्थ धर्म और साधु धर्म कहा है।[5]

जैनमान्यतानुसार श्रावक अपने आचार- विचार के सम्यक् परिपालन से साधुत्व तक पहुँच सकता है और साध्वाचार के सम्यक् परिपालन से मोक्ष प्राप्त कर सकता है। चारित्र की दृढ़ता एवं सम्पूर्णता के लिए जैनाचार्यों ने विभिन्न मूलगुणों, व्रतों, क्रियाओं, विधियों, नियमों, उपनियमों का विधान किया है जिनमें तप, आसन, प्राणायाम, धारणा, प्रत्याहार, ध्यान आदि मुख्य हैं। इस सन्दर्भ में बतलाया गया है कि- ध्यानादि नियम उत्तरोत्तर चित्त की शुद्धि करते हैं, इसलिए ये सभी चारित्र हैं।

महर्षि पतञ्जलि के अनुसार यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि रूप अष्टांगयोग का मूल उद्देश्य मन, इन्द्रियों तथा शरीर की शुद्धि करना है। इन यम नियमादि का प्रयोग जैनयोग में भी विषय-वासनाओं पर नियंत्रण रखते हुए अपने व्यवहार को अनुशासित कर अंतर्मुखता की अवस्था को दृढ़ करने के लिए किया गया है। अष्टांगयोग की उक्त

1 (क) योगभेदद्वात्रिंशिकाश्लोक-
(ख) योगबिंदुश्लोक- 31
2. योगबिंदुश्लोक- 421-422
3. महर्षि पतञ्जलि, योगसूत्र विभूतिपाद सूत्र-7 की टीका
4. तत्त्वार्थसूत्र 1/1
5. योगदृष्टिसमुच्चय श्लोक-2
6. आचार्य हेमचन्द्र सूरि योगशास्त्र श्लोक-

क्रियाएं जैन साधना की प्राचीन पद्धति की 'पडिक्कमणादि' प्रतिक्रमण आदि क्रियाओं में अन्तर्निहित हैं, जिन्हें अमृत कुम्भ कहा जाता है।

उक्त क्रियाएँ उचित आसन, काल, प्राणायाम व धर्मध्यानादि रूप योग क्रियाओं से ही विशेष सम्बंधित होकर होती हैं।[1]

आचार्य हरिभद्रसूरि द्वारा प्रतिपादित आठ दृष्टियाँ भी पतञ्जलि के अष्टांग योग से साम्य रखती हैं, जो कि इस प्रकार हैं-

**मित्रातारावलादीप्तास्थिराकान्ताप्रभापरा।**
**नामानि योग दृष्टीनां लक्षणं च निबोधत।।**[2]

कुछ आचार्यों ने यम नियम को छोड़कर छह अंगों को ही स्वीकार है, यथा-

**उत्साहान्निश्चयाद्धैर्यात् संतोषात्तत्त्वनिश्चयात्**
**मुनेर्जनपदत्यागात् षड्भिर्योगः प्रसिद्धयति।।'**[3]

जैन परम्परा में वर्णित पाँच (अणुव्रत और महाव्रत) योगदर्शन के पाँच यमों से अत्यधिक साम्य रखते हैं। योगदर्शन प्रतिपादित यमों की सार्वभौमिकता तथा अविच्छिन्नता जैन योग में प्रयुक्त पाँच महाव्रतों का ही रूप है। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों में भिन्नता केवल यही है कि जैनदर्शन के व्रत योगदर्शन के व्रतों की अपेक्षा से कठिन है तथा इनका आगे भी विस्तार किया गया है। जैनशास्त्रों में नियमों के अंतर्गत 'पर' के सम्बन्धों को लेकर ''स्व'' के अनुशासन के लिए द्रव्य, क्षेत्र, काल की मर्यादा को लेकर उक्त अणुव्रतों व महाव्रतों के पश्चात् गुणव्रत और शिक्षाव्रत आदि का भी विधान किया गया है। तथा इनको अणुव्रतों एवं महाव्रतों के प्रहरी की संज्ञा प्रदान की गई है, यथा-

**'परिधय इव नगराणि व्रतानि किल पालयन्ति शीलानि।**
**व्रतपालनाय तस्माच्छीलान्यपि पालनीयानि।।'**[4]

जैनशास्त्रों में चित्त की स्थिरता के लिए किस आसन का अभ्यास किया जाए और किस का नहीं, अनुमानतः ऐसा कोई स्पष्ट नियम नहीं बतलाया गया है। अपितु, जिस-जिस आसन का प्रयोग करने से मन स्थिर होता है उसी आसन का प्रयोग योग-साधना में अपेक्षित बताया गया है, यथा-

---

1. योगानुशीलन पृष्ठ-537
2. योगदृष्टि समुच्चय श्लोक-13
3. ज्ञानार्णव, प्रकाश-20श्लोक-1
4. आचार्य अमृतचन्द्र, पुरुषार्थसिद्ध्युपायश्लोक- 136

**'जायते येन येनेह विहितेन स्थिरं मनः।**
**तत्तदेव विधातव्यमासनं ध्यानसाधनम्।।'**[1]

जैनयोग के अन्तर्गत प्राणायाम का विशेष अर्थ भाव शुद्धि के लिए हुआ है, लेकिन योग साधना के लिए प्राणायाम को आवश्यक नहीं माना गया है। जैन शास्त्रों में प्राणायाम के सन्दर्भ में दो मत प्रचलित हैं। प्रथम मतानुसार प्राण का निरोध करने से शरीर में पीड़ा उत्पन्न होती है और शरीर में पीड़ा उत्पन्न होने से मन में चंचलता आती है। पूरक, कुम्भक और रेचक आदि करने में परिश्रम करना पड़ता है। परिश्रम करने से मन में संक्लेश उत्पन्न होता है और मन की संक्लेशमय अवस्था योग में बाधक है, यथा-

**'जित्वाऽपि पवनं नानाकारणैः क्लेशकारणैः।**
**नाडीप्रचारमायत्तं विधायापि वपुर्गतम्।।'**[2]

